श्री विश्वकर्मा प्रणित

क्षीरार्णव

KSHIRARNAVA

EDITED BY

PRABHASHANKER O. SOMPURA

SHILPA VISHARAD

संपादक

शिल्प विशारद श्री प्रभाशंकर भाई जैसे कुशल स्थपति श्री सोमनाथ मंदिर का नवनिर्माण में प्राचीन भारत की समृद्ध शिल्पकला को उन्होंने सजीव किया है। शिल्पशास्त्र के घेरा मर्म और ज्ञान भारत के सुप्रसिद्ध स्थपति श्री सोमपुराजी धराते हैं।

स्व० ना. जाम साहेब
सर दीग्वीजयसिंहजी साहेब

श्री प्रभाशंकर सोमपुरा भारतीय स्थापत्य शास्त्र के इने गिने विद्वानो में है। वास्तु शास्त्र का परिभाषिक तुलना करना केवल श्री सोमपुराजी जैसे विद्वानों के बस की बात है।

डो. मोतीचंद्र M.A.Ph.D. (लंडन)
डायरेक्टर प्रिन्स ओफ वेल्स म्युझीयम
—बंबई

श्री सोमनाथजी के अजब असाधारण रचना के लिये कुशल शिल्पज्ञ महोदय श्री प्रभाशंकरजी धन्यवाद के पात्र है। शिल्प विशारद के पद के योग्य है।

श्री जगद्गुरु श्री शंकराचार्यजी
म० सा० द्वारका, शारदापीठ

श्री विश्वकर्मा प्रणित
वास्तुविद्यायां
क्षीरार्णव
KHSHIRARNAVA
मूल सहित-सुप्रभा नाम्नी
हिन्दी-गुजराती भाषाटीका
: संपादक :
स्थपति प्रभाशंकर ओ. सोमपुरा
शिल्प विशारद
Edited by :
Sthapati Prabhashanker O. Sompura, Shilpa Visharad.
PALITANA (Saurashtra)

'शिल्प स्थापत्य' ग्रंथ प्राप्तिस्थान : Shilpa books will be available at

: संपादक :

१. स्थपति. प्रभाशंकर. ओ. सोमपुरा,
शिल्प विशारद,
गोरावाडी, पालीताणा

: प्रकाशक :

२ बलवंतराय. सोमपुरा तथा भ्रातृपें
३, पथिक सोसायटी, अहमदाबाद-१३

३. सरस्वति पुस्तक भंडार, बुक सेलर्स,
रतनपोल, हाथीखाना, अहमदाबाद

४. महादेव रामचंन्द्र जागुष्ठे
त्रण दरवाजा, अहमदाबाद

: *Edited by* :

1. **Prabhashanker. O. Sompura**
Architect Shilpa Visharad,
Gorawadi, **Palitana.** (Gujarat)
(INDIA)

: *Publishers* :

2. **B. P. Sompura & Bros.**
3, Pathik Society,
Ahmedabad-13.

3. **N. M. Tripathi & Co.**
Princess Street, **Bombay-2.**

4. **Motilal Banarasidas**
Bungalow Road, Jawahar
Nagar, **Delhi-7.**

5. **Motilal Banarasidas**
Nepali Khapada, P. B. No.
75, **Varanasi.** (U. P.)

प्रत १०००   1000 Copies

मुल्य रु. २५/- (पोस्टेज पृथक)

Price Rs. 25/- (Postage Extra)

: मुद्रक :
श्री मणिलाल छगनलाल शाह
नवप्रभात प्रिन्टिंग प्रेस,
घीकांटा रोड, अहमदाबाद.

सुप्रसिद्ध भगवान सोमनाथजी के मंदिरका प्रवेशभाग. मंदिर के निर्माता श्री प्रभाशंकर ओ. सोमपुरा खडे है

श्री सरस्वती

अक्षमालां पुस्तकं च विणावाद्यं च पद्मकम्
मयूर हंसारुढां च वंदेऽहं तां सरस्वतीम् ॥

श्री विश्वकर्मा

अक्षमाला कंबासूत्र पुस्तकं च चतुर्भुजम्
हंसस्थं च त्रिनेत्रं जं वंदेऽहं तं विश्वकर्मणम् ॥

श्री गणपति

गणेशाय नमः तस्मै सर्वविघ्नविदारिणे
मूषारुढं चाद्यदेवं वंदेऽहं तं गजानम् ॥

क्षीरार्णव ग्रंथकी संक्षिप्त अनुक्रमणिका

क्षीरार्णव ग्रंथका अनुवाद संशोधनमें प्राचिन ग्रंथोंका ऋणस्विकार

विश्वकर्मा प्रणित

१ वृक्षार्णव
२ ज्ञानरत्नकोश
३ सूत्र संतान-अपराजित पृच्छा
४ जयपृच्छा
५ विश्वकर्म प्रकाश
६ प्रासादमण्डन
७ रुपमण्डन
८ देवतामूर्ति प्रकरणम् सूत्रधार
९ वास्तुमञ्जरी
१० प्रासादतिलक
११ वास्तुराज
१२ समराङ्गण सूत्रधार
१३ मयमतम् **मयमुनि**
१४ काश्यपशिल्प
१५ शिल्परत्नम (कुमार)
१६ सच्छिल्पतंत्र
१७ वास्तुप्रदीप
१८ शुक्रनीति
१९ ब्रहद्संहिता
२० वत्थुसार ठकुरफेरु
२१ विवेकविलास जिनदत्तसूरि
२२ प्रतिष्ठासार दी-वसुनन्दी व्यास मुनि
२३ मत्स्य पुराणम्
२४ अग्नि पुराणम्
२५ विष्णु धर्मोत्तर ४०
२६ द्रविड आगमग्रंथो

स्थपति प्रभाशङ्कर–ओघडभाइ–सोमपुरा–शिल्पविशारदके वास्तुशास्त्रके ग्रंथसंग्रह

श्री विश्वकर्माप्रणित

१ क्षीरार्णव
२ वृक्षार्णव
३ दीपार्णव
४ जयपृच्छा
५ वास्तुविद्या
६ सूत्रसंतान–अपराजित पृच्छा
७ ज्ञान रत्नकोश
८ सूत्रप्रतान
९ विश्वकर्मा प्रकाश
१० वास्तुशास्त्रकारिका
११ विश्वकर्मा विद्याप्रकाश
१२ विश्वकर्मा वास्तुशास्त्रम्
१३ समराङ्गण सूत्रधार
१४ राजवल्लभ
१५ वास्तुसार
१६ वास्तुमण्डन
१७ प्रासादमंण्डन
१८ रुपमण्डन
१९ रुपावतार
२० देवतामूर्ति प्रकरणम्
२१ ज्ञानसार अपराजित
२२ वास्तुमञ्जरी (ठक्करफेरु)
२३ वास्तुसार मंडन
२४ बेडायाप्रासादतिलक सू० वीरपाल
२५ प्रमाणमञ्जरी सूत्र० मल्लदेव
२६ वास्तुराज सूत्र० राजसिंह
२७ वास्तुराज अन्य सर्व विषय
२८ वास्तुकौतुक सूत्र० गणेश
२९ कलानिधि सूत्र० गोविंद
३० वास्तुउद्धारधोरणी
३१ वास्त्वध्याय सूत्र० कौशिक
३२ सुखानंदवास्तु सूत्र० सुखानंद
३३ वास्तुरत्नतिलक
३४ जलाश्रयाधिकार
३५ देव्याधिकार
३६ वास्तुप्रदीप पं० वासुदेव
३७ सच्छिल्पतंत्र
३८ वापिलक्षणम्
३९ मयशास्त्र
४० शिल्पशास्त्र (उडीया)
४१ **लक्षण समुच्चय** (विरोचन प्रणित)
४२ नारदीय शिल्प

उपग्रंथ (छुटक प्रकरण)

१ आयतत्व
२ केशराज
३ जिनप्रासाद
४ ऋषभादिप्रासाद
५ मेरुविशतिमेरु
६ लिङ्गलक्षण

७ श्री वश्यप्रासाद लक्षण

नीतिशास्त्रके ग्रंथ मुद्रित

१ शुक्रनिति २ विवेकविलास
३ बृहदसंहिता ४ वसिष्ठसंहित
५ नारदसंहिता ६ गर्गसंहिता
७ हयशिर्ष पंचरात्र
८ अभिलषितार्थ चिन्तामणी
९ मानसोल्लास

द्राविड शिल्पग्रंथ

१ मयमतम् २ शिल्परातम्
३ मानसार
४ काश्यपशिल्प ५ वास्तुविद्या
६ मनुष्यालयचंदिका
७ इशान।शिवगुरुदेव पद्धति (३)
८ विश्वकर्माय शिल्प

पुराण व्यासमुनि

१ मत्स्य २ अग्नि ३ भविष्य
४ गरुड ५ स्कंध ६ उत्कल
७ विष्णुधर्मोत्तर

आगम ग्रंथ

१ सुप्रभेद २ कामिक
३ किरणा ४ अंशुभनभेद
५ सकला ६ सिद्धांत शेखर
७ जीर्णोद्धार दर्शक
८ सारसंग्रह ९ पूर्वकीरण

प्रस्तावना

किसी भी देशके प्राचीन स्थापत्य और साहित्यसे ही उस देशकी संस्कृतिका मूल्य आँका जाता है । विद्या और कला देशका अनमोल धन है । शिल्प-स्थापत्य मानव जीवनका अति उपयोगी और मर्मपूर्ण अंग है ।

भारतीय शिल्प स्थापत्य (वास्तुविद्या) का प्रारम्भ काल कब से माना जाय इस बारेमें निर्णय करनेमें प्राचीन साहित्यके आधार लेनेकी आवश्यकता है । ऋग्वेद, ब्राह्मण ग्रंथों, रामायण, महाभारत, पुराण, जैन आगमों और बौद्ध ग्रंथों आदि साहित्यके संदर्भ सहायक हो सकते हैं। ऋग्वेदके सातवें मंडलके दो अध्यायोंमें घरको सुदृढ स्तंभोंके साथ वास्तुपति इंद्रकी स्तुति है । यहाँ इंद्रको देवोंके स्थपत्ति त्वष्टा कहा गया है। विश्वकर्मा को समग्र विश्वके त्वष्टा माना गया है, उनके पुत्रको भी त्वष्टा कहकर उनके शिष्य विभुकी स्तुति की गई है ।

और ऋग्वेदमें वास्तुविद्याके ज्ञाता अगस्त्य और वसिष्ठके नाम भी दिये गये हैं। त्वष्टा और विभुने इन्द्रको वज्र बना दिया था। पाषाणके बनाये हुए सौ नगरोंमें सप्रमाण भवनोंकी रचनाका उल्लेख मिलता है । इससें हम यह अनुमान लगा सकते है कि स्थापत्य कलाका प्रारम्भ ऋग्वेदसे भी बहुत वर्षोंसे पहले हुआ होगा। अथर्ववेदके सूक्तोंमें स्थापत्यकलाके बहुत शब्द पाये जाते हैं। सामवेदके गृह्यसूत्रमें गृहारम्भकी धार्मिक क्रियाके तीन अध्याय है । आश्लायन गृह्यसूत्रमें भी वास्तु विद्याके पर तीन अध्याय हैं। भूमिको अतीव वंदनीय मानकर उसका पूजन और उसकी स्तुति दी गई है । इन सब बातोंको होते हुए भी ऋग्वेद या ब्राह्मण ग्रंथोंमें वास्तुविद्याके बारेमें स्वतन्त्र अध्याय नहीं मिलते हैं। मूर्तिपूजाका प्रारम्भ भी वैदिक ब्राह्मण युगमें हुआ था ।

संसारके प्रत्येक प्राणीको जन्मसे ही शीत उष्ण और वर्षाकी प्राकृतिक प्रतिकूलताओंके सामने सुरक्षाकी जरूरत महसूस हुई इसीसे ही वास्तुविद्याका प्रारम्भ स्थूल रूपसे आदिकालमें माना जा सकता है। पर्वतोंकी गुफा या पर्णकुटि बनाकर मानवीने वास किया । वास्तुद्रव्यमें प्रथम घास ओर वांसका उपयोग हुआ, बादमें काष्टका, बादमें ईटोंका उपयोग होने लगा । अंतमें पाषाणका उपयोग बाँधकामोंमें होने लगा ।

शुक्राचार्य कहते हैं कि विद्या अनंत है और कलाकी तो गिनती ही नहीं हो सकती । परन्तु मुख्य विद्या बत्तीस और कलाओं चौसठ उनके द्वारा कही

गई हैं। वे विद्या और कलाकी सामान्य व्याख्या देते हुए कहते हैं कि 'जो कार्य वाणीसे हो सके वह विद्या है और मूक् मनुष्य भी जो कार्य कर सके वह कला है।' शिल्प, चित्र इत्यादि मूक् भावे हो सके उसको कला कहा है।

भिन्न भिन्न आचार्योंने कलाकी संख्याको कम और अधिक बताया है। शुक्राचार्यने चौसठ कलाएं बतायी हैं। समुद्र पालने जैन सूत्रमें ७२ कलाएं, काम सूत्रमें यशोधरने ६४ (अवान्तरसे ६४ × ८ = ५१२ कलाएं कही गईं हैं।) ललित विस्तरामें ६४, काम सूत्रमें २७, श्रीमद् भागवत्में ६४ कलाएं गिनी गईं हैं।

विविध कलाएं विविध क्रियासे होती हैं। मनुष्य जिस कलाका आश्रय लेता है उस कला परसे उसकी जातिका नाम होता है। इस तरह कलाके वर्गानुसार ज्ञातियोंके समूह भी बनने लगे। चार वर्णाश्रमोंमेंसे भेद पडने लगे।

वास्तुशास्त्र स्थापत्य और शिल्पकी व्याख्या—

वास्तुविद्या या वास्तुशास्त्र, स्थापत्य और शिल्प शब्दकी व्याख्याके अभावसे उसका मिश्र स्वरूप समझकर भाषाका प्रयोग हो रहा है। परन्तु वास्तुशास्त्र इन सबोंसे व्यापक अर्थमें है। उसका अंतर्गत स्थापत्य और स्थापत्यका अंतर्गत शिल्प है।

१. वास्तुशास्त्र–देशपथ, नगर, दुर्ग, जलाश्रयादि सर्व, उद्यानवाटिका आराम स्थानों, राज प्रासादों, देव प्रासादों, भवनों, सामान्यगृहों, शल्यज्ञान, शिराज्ञान, भूमिपरीक्षा इन सर्व विद्या वास्तुशास्त्र है।

२. स्थापत्य–दुर्ग, जलाश्रयों, राजप्रासादों, देवप्रासाद, भवनों, सामान्यगृहों वगैरहके बाँधकाम स्थापत्य है। इनके शास्त्रको विशेषकर स्थापत्य शिल्पशास्त्र कहा गया है।

३. शिल्प–दुर्गके द्वार, राजभवन, देवप्रासाद, जलाश्रयों वगैरह स्थापत्योंके सुशोभन, अलंकृति, गवाक्ष, झरोखे, नकशी, मूर्तियाँ=प्रतिमाऐं ये सब शिल्प है।

वास्तुशास्त्रके प्रणेता—मत्स्यपुराणमें शिल्पके अठारह आचार्यों के नाम ऋषि-मुनियों आदि के दिये हुए हैं। बृहत् संहितामें दूसरे सात आचार्यों के नाम दिये हुए हैं। अग्निपुराण अ० ३९ में लोकाख्यायिकामें शिल्पशास्त्रके पर पचीस ग्रंथोंकी नोंध दी हुई है। उनमें कई तांत्रिक और क्रियाओंके ग्रंथ हैं। परन्तु उनमें शिल्पशास्त्रके बहुत उल्लेख हैं। स्मृतिकार आचार्यों के संहिता ग्रंथोंमें और नीतिशास्त्रके ग्रंथोंमें और पुराणोंमें भी शिल्पशास्त्रके बहुत उल्लेख हैं। विश्वकर्म

प्रकाशमें प्रारम्भमें स्तुति करते कहा है कि महादेवने पाराशरको वास्तुशास्त्रका ज्ञान दिया। पाराशरे बृहद्रथको और बृहद्रथने विश्वकर्माको वह ज्ञान दिया। 'मानसार' में बत्तीस शिल्पाचार्यों के नाम दिये हुए हैं। विश्वकर्माके मानसपुत्र चार जय मय सिद्धार्थ और अपराजित नामसे थे। कई ग्रंथोंमें सिद्धार्थको त्वष्टा भी कहा है। उन्होंने लोह कर्म, यंत्रकर्ममें कौशल्य प्राप्त किया। बाकी पुत्रोंने विश्वकर्माको प्रश्नों करके वास्तुविद्याका संपादन किया। उनके संवादके रूपमें ग्रंथ रचे गये हैं।

स्थापत्योका विकास क्रम

स्थापत्योंमें मुख्यतया देवमंदिरोंके विविध विभाग घाट पद्धतिका विकास क्रमशः पृथक् पृथक् कालमें और देशके खास विभागमें प्रचलित एक या दूसरी सांप्रदायिक शैलीमें देशके उस विभागमें कालबलसे नौवीं दशवीं शताब्दी तक शिल्पकृतियोंमें परिवर्तन होते गये। उसके बाद उसकी रचनाके खास सिद्धांत निश्चित हुए। इस तरह देवमंदिरादिकी रचनाके रूढ नियम पिछले कालमें अर्थात् बारहवीं शताब्दीसे निश्चित होकर लिखे गये यह निःशंक माना जा सकता है।

पाश्चात्य विद्वानों भारतीय शिल्पकलाके सांप्रदायिक भेद मानकर शिल्पकी रचनाकी पहचान कराते है, यह बिलकुल अयोग्य है। यह तो सिर्फ प्रवर्तमान शिल्प पद्धतिमें कालभेद या तो प्रांतिय भेद हैं।

भारतका शिल्पी वर्ग—

भारतका प्रमुख शिल्पी वर्ग—भारतके प्रत्येक प्रांतमें प्राचीन वास्तुशास्त्रका अभ्यासी वर्ग विद्यमान था। वे अपने अपने प्रांतके प्रासादोंकी शैली रचना करते थे। कालबलसे या धर्मके प्रति दुर्लक्ष्यसे या विधर्मिओंकी धर्मांधताके कारण अमुक प्रांतमें यह वर्ग नष्ट हो गया है या धर्म परिवर्तनसें नष्ट हुआ है। बंगाल, बिहार, आंध्र, पंजाब, सिंध, सरहद प्रांत या कश्मिरमें तेरह चौदहवीं शताब्दी तक इस वर्गका अस्तित्व था।

१. पश्चिम भारतमें **सोमपुरा** ब्राह्मण शिल्पीओं–वास्तुशास्त्रके निष्णात् माने जाते हैं। अभी भी वे अपनी कलाको सुरक्षित बनानेका प्रयास करते हैं। गुजरात, सौराष्ट्र, कच्छ, राजस्थान और मेवाडमें वे वेर विखेर बसते हैं। स्कंदपुराणके कथनानुसार प्रभासके पुत्र विश्वकर्माके अवतार रूप उनको माना गया है। वे ब्राह्मण जातिके होते हुए भी यजमानवृत्तिका दान नहीं स्वीकारते हैं। शिल्पज्ञ गृहस्थके रूपमें जीवन व्ययतित करनेका आग्रह उनका है। वे शिल्प

ग्रंथके संग्रह कर्ता हैं। उनके चौदह गौत्र ऋषि कुलके हैं। वे यज्ञोपवित रखते हैं। सगोत्र लग्न नहीं करते हैं। और मृत्युके पश्चात् अग्नि संस्कार करते हैं।

२. भारतके पूर्वमें उडीया–ओरिस्सा प्रदेशमें **महाराणा** नामक शिल्पी वर्ग है। वह शिल्पग्रंथोंका संग्रहकर्ता है। मंदिर बनाता है। हालमें उसका व्यवसाय विशेषतः मूर्तिकलाका है। महाराणा ज्ञातिमें पाषाण कर्म करनेवाले लोगोंको राज्य द्वारा महापात्रका मानद् पद भी मिला हुआ है। उसी तरह लोह या काष्ठके काम करनेवालोंको 'चौधरी' और 'ओझा'का मानद् पद भी मिला है। खोरधाके राजाने लोहकर्म करनेवाले एक परिवारको 'दास'का पद दिया है। पाषाण कर्म करनेवालोंमें स्थपति मूर्तिकार भी है। इन सभी काष्ठलोहादि कामों करनेवाली एक ही ज्ञाति महाराणा नामकी है। उसमें परस्पर रोटी बेटी व्यवहार है। उन लोगोंमें क्षत्रिय हो या उससे निम्नवर्ग हो यह नहीं कहा जा सकता है। वे यज्ञोपवित नहीं रखते हैं। स्त्रियाँ पुनर्लग्न कर सकती है। उडीयामें ब्राह्मणादिमें मत्स्याहारकी छूट है। महाराणा ज्ञातिमें मृत्युके बाद अग्निसंस्कार होता है।

३ द्रविड दक्षिण–मदुराई और मद्रासकी और विराट विश्व ब्राह्मण आचार्यके नामसे अपनेको बताता हुआ शिल्पीवर्ग है। वह शिल्पी ग्रंथका संग्रहकर्ता है। मंदिरका और मूर्तिका काम करता है। विधिसे यज्ञोपवित धारण करता है। उस वर्गमें विधवा पुनर्लग्नकी प्रथा है। उसके तीन गोत्र हैं। १ अगस्त्य २ राज्यगुरु ३ सन्मुख सरस्वती सगोत्र लग्न नहीं करता है। मृत्युके बाद भूमिदाह देता है। उस प्रदेशमें नायकर, पिल्लेवाल, केन्टर और मुदलीआर असी निम्नजातिके कारीगर शिल्पकाम करते हैं। परंतु वे मूलमें शिल्पी जातिके नहीं हैं। महाबलिपुरममें गणपति स्थपति और कांचिपुरममें गौरीशंकर स्थपति वहाँकी शिल्पशालाओंमें अध्यापक हैं।

४ कर्णाटक–मैसुर–आंध्र तेलंगण और महाराष्ट्र प्रदेशमें पंचाननके नामसे विश्वकर्मा जातिके शिल्पी बसते हैं। उनके पाँच कर्म व्यवसायके अनुसार उसमें गोत्र हैं। (१) पाषाणकर्मवालेका, गोत्र प्रत्नयस (२) लोहकर्म; गोत्र सानस (३) काष्टकर्म, गोत्र सनातन (४) कंसकार, गोत्र अभनवश्च (५) सुवर्णकार, गोत्र सूपर्यास इन पाँचोंका कर्मके अनुसार गोत्र है। ब्राह्मणके सिवा वे किसीके हाथका भोजन नहीं करते हैं। इन पाँचोंमें परस्पर रोटी बेटीका व्यवहार है। वे सगोत्र लग्न नहीं करते हैं। यज्ञोपवित धारण करते हैं। स्त्रियाँ पुनर्लग्न कहीं करती हैं। उनमें कुछ मांसाहारी भी हैं। वे शिल्पग्रंथोंका संग्रह करते

हैं । वे मंदिर, रथ, मूर्ति और काष्ट वगैरहका काम करते हैं । गायत्री आदि का नित्यपाठ करते हैं। मृत्युके बाद अग्निसंस्कार करते हैं। आंध्रमें श्रीकाकुलम् लक्ष्मीपुरम्में उदुपुड्ड नामकी शिल्पीओंकी जाति थी। उसके दो चार घर वहाँ थे। उन लोगोंके पास "सारस्वती विश्वकर्मीयम" नामका ग्रंथ था। उनका अस्तित्व अभी नहीं मिलता है। यह परिवार शिल्पकार्यके अभावमें अन्य व्यवसायमें पडा हुआ मालुम पडता है।

५ तैलंगणमें विश्वकर्मा शिल्पी बसते हैं । वे शिल्पग्रंथका रक्षण करते हैं । मंदिर और मूर्तिका काम करते हैं । काष्ट और लोहका काम भी करते हैं । करीब तीन सौ सालसे मुस्लीम राज्य प्रदेशोंमें रहनेसे सहवास दोषसे मांसाहार करते हैं । तो भी उनका ब्रह्मत्व कम नहीं हुआ है । गायत्री पाठ पूजा आदि करते हैं । यज्ञोपवित धारण करते हैं । किसी भी उच्च जातिके ब्राह्मणके हाथका भोजन भी लेते नहीं हैं । उपरोक्त पंचाननज्ञातिमें वे नहीं गिने जाते हैं । मृत्युके बाद अग्निसंस्कार भी करते हैं ।

कर्णाटक मैसुरमें कन्नडी भाषा–मद्रास प्रदेशमें तमिल–केरालामें मलयालम और आंध्र जैलंगण प्रदेशमें तेलुगु भाषाका व्यवहार लोगोंमें है । उनके शिल्प-ग्रंथ संस्कृत नागरीलिपीके बदले उनकी लिपीमें लिखे हुए हैं ।

६ जयपुर अलवरके प्रदेशोंमें गौड ब्राह्मणोंकी जातिके शिल्पीओं विशेषकर प्रतिमाका कुशल काम करते हैं। मंदिरोका निर्माण भी करते हैं। यज्ञोपवित विधिसे धारण करते हैं । शुद्ध शाकाहारी हैं । उनमेंसे कअी देहातोंमें कृषिकर्म भी करते हैं । मृत्युके बाद अग्नि संस्कारका रिवाज है ।

मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेशमें कअी भागोंमें 'जांगड' नामकी जाति अपनेको शिल्पीवर्गमें गिनती है । उनमें कअी सादा पाषाणकर्म, काष्टकर्म, चित्रकर्म और लोहकर्म करते हैं । कअी देहातोंमें कृषिकर्म भी करते हैं । विश्वकर्माको अपने इष्टदेव मानते हैं । जांगडमें कअी यंत्रविद्यामें कुशल हैं, जिस तरह गुजरातमें पंचाल जाति है ।

७ गुजरात सौराष्ट्र और कच्छमें वैश्य, मेवाडा, गुर्जर, पंचोली जाति काष्टकर्ममें प्रवीण है । पाँचवीं पंचाल जातिके शिल्पीओं लोहारका काम करते हैं । वे सब विश्वकर्माको अपने इष्टदेव मानते हैं । आगेकी चारों जातियोंके शिल्पी सुथारी काम रथकाम देवमंदिरोंके साधनों वगैरह चांदीका अलंकृत काम करते हैं । पंचालभाइओं लोहकर्ममें और यंत्र विद्यामें भी 'जांगड' जातिकी

तरह कुशल है । उपरोक्त पाँचों जातिमें पंचोली अपनेको उच्च मानते हैं । यज्ञोपवित भी धारण करते हैं ।

स्थापत्याधिकारी शिल्पग्रंथोंमें उल्लेख है कि यजमानको चाहिये कि गुणदोष परखकर वह शिल्पका सत्कार करें । और अपने कार्यका प्रारम्भ करें । शास्त्रकारोंने बाँधकामके अधिकारीके चार वर्ग बनाये हैं । १ स्थपति (प्रमुख) २ सूत्रग्राही जिसको शिल्पीओंकी भाषामें "सुतर छोड।" कहते हैं । वह नकशे बनानेमें और कार्यकी शुरूआत करनेवाला निपुण होता है। ३ तक्षक–सूत्रमानके प्रमाणको जाननेवाला सुंदर–काष्ट या पाषाणादि कार्य या नकशीरूप करनेवाला करानेवाला ४ वर्धकी–दो प्रकार है । एक तो काष्टकर्म करनेवाला वर्धकी (सुथार–सूत्रधार) और दूसरा माटीकार्यमें निपुण–मोडलीस्ट ।

भारतीय शिल्पीयोंकी प्रशंसा

जहाँ शिल्पीओंने जड पाषाणको सजीवरूप देकर पुराण के काव्यको हुबहु बताया है, जिसका दर्शनकर गुणज्ञ प्रेक्षकों शिल्पीकी सर्जनशक्तिकी प्रशंसा करते नहीं थकते हैं, यहाँ टंकनके शिल्पसे तथा पिंछीके चित्रसे ये शिल्पी अमर कृतियोंका निर्माण कर गये हैं । अखंड पहाडमेंसे कंडारी हुई इलोराकी काव्यमय विशाल स्थापत्यकी रचना तो शिल्पीकी अद्‌भूत चातुर्य कलाका बेनमून प्रतीक है ।

भारतके शिल्पीओंने पुराणोके प्रसंगोंको पाषाणमें सजीव कंडारें हैं । उनके ओजारकी सर्जनशक्ति परमप्रशंसाके पात्र है । पाषाणके शिल्प परसे शौर्य और धर्मबोध प्राप्त होता है । जडपाषाणको वाणी देनेवाले कुशल शिल्पी भी कवि ही हैं । वे बहुत धन्यवादके पात्र हैं । अलबत्त कला किसी धर्म या जातिकी नहीं है । वह तो समग्र मानव समाजकी है ।

जड पाषाणमें प्रेम, शौर्य, हास्य, करुणा या किसी भी भावको मूर्त करना कठिन है। चित्रकार तो रंगरेखासे वह सरलतासे बता सकता है। परंतु शिल्पीं अैसे रंगोंकी सहायके विना ही पाषाणमें भावकी सृष्टि खड़ा करता है। उधर ही उसकी अपूर्व शक्तिका परिचय होता है । भारतीय शिल्प स्थापत्य आज भी जिवन्त कला है । युरोपिय शिल्पीओंके साथ तुलना करते कहना पडता है कि भारतीय शिल्पका लक्षण अपनी कृतिमें केवल भावना उतारनेका होता है । जब युरोपी शिल्पी तादृश्यताका निरूपण करता है । उन दोनोंके मूर्ति-विधानका उदाहरण लें । अनेक कवियोंने स्त्रीकी प्रकृति विकृतिके गुणगान किये हैं। उसके सौंदर्यका पान करानेवाले भवभूति और कालिदास जैसे महान कविओंने

उसके रूप गुणकी शाश्वतगाथा गाई है। उसकी प्रकृतिसे प्रसन्न भारतीय शिल्पीओंने स्त्री सौंदर्यको मातृत्व भावसे प्रदर्शित किया है जब युरोपी शिल्पीओंने वासनाके फलरूप स्त्रीको कंडारी है।

भारतीय शिल्पीओंने भारतीय जीवन दर्शन और संस्कृतिको अपना सर्वोत्तम लक्ष्य मानकर राष्ट्रके पवित्र स्थानोंको चुन कर वहाँ अपना जीवन बिताकर विश्वकी शिल्पकलाके इतिहासमें अद्वितीय विशाल भवनोंका निर्माण किया है। दीर्घ काय शिलाओंको तोडकर भूख और तृषाकी भी परवाह किये बिना अपने धर्मकी महत्तम भावनाको राष्ट्रके चरणोंमें समर्पित किया है। जनताने भी शंखनादसे अपने शिल्पकारोंकी अक्षय कीर्तिका चतुर्दिश प्रसारण किया है। ऐसे शिल्पीओंकी अद्‌भूत कलाके कारण जगतने भारतको अमरपद दिया है। ऐसे पुण्यश्लोक शिल्पीओंको कोटि कोटि धन्यवाद !

भारतके उत्तम कला धामों पर तेरहवीं सदीके बाद दुर्भाग्यके चक्र चल गये, चारों और धर्मांधताके बहुतसे प्रहार सात सौ साल तक हुए, तो भी भारतीय कला और संस्कृति जिवित रही है उसकी दृढ बुनियादको चलित नहीं किया जा सका है। उसके अवशेष भी गौरवप्रद हैं। आज विदेशी कला-पारखुओं आश्चर्य मुग्ध होकर उनको देखते हैं। भारतीय शिल्पीओंने कलाके द्वारा स्वर्गको–वैकुंठको पृथ्वीपर उतारा है। राष्ट्र जीवनको समृद्ध कर प्रेरणा दी है। ऐसी स्थापत्य कलाके प्रति आज राज्य कर्ता सरकार बेपरवाह बनी है। श्रीमंत वर्ग दुर्लक्ष्य करता है यह देशका दुर्भाग्य है। क्षणिक मनोरंजन नृत्य-गीतकी कलाको वर्तमानमें राज्याश्रय मिल रहा है। जब स्थायी ऐसी सुंदर शिल्प कलाके प्रति दुर्लक्ष्य किया जाता है। यह भी कालका वैचित्र्य माननेके सिवा और क्या ?

भारतीय कलामें आयी हुई विकृति

भारतीय कलामें आयी हुई पाश्चात्य विकृति–वर्तमान शिल्प स्थापत्य और चित्र इन तीनों कलाओंमें आयी हुई विकृति प्राचीन भारतीय कलाका विनाश करेगी। १. स्थापत्यमें पश्चिमका अनुकरण कर पक्षीके घोंसले जैसे बेढंग और कढंगे विकृत और कलाविहीन भवन बन रहे हैं। २. शिल्पमें जहाँ सुंदर मूर्तियोंका सर्जन आँख और मनको आनंद प्रद था उनके स्थान पर सुखे काठके ठूंठे कि, जिनको हाथ, पैर, मुँह या माथाका ठिकाना नहीं है उनकी प्रशंसा करते हैं, जो वास्तवमें विकृति है। ३. चित्रकला उसकी तादृश्यता और छाया

प्रकाश या रंगोंकी सुंदर रचनासे शोभती थी, वैसी कलाको देखते ही प्रसंशक आनंद विभोर हो उठता था, उसके स्थान पर जिसके बारेमें कुछ भी समझमें न आये ऐसी टेढी मेढी रेखाओं या शण जैसे तुच्छ द्रव्योंमें रंगके थथेडेमें कल्पनाको उतारकर उसका गुणगान कर कलाका सत्यानाश करनेवाले मोर्डन आर्टके नामसे जगतकी वंचना कर रहे हैं। ऐसी विकृतिको देखकर घृणा और दुःखकी लागणी होती है।

जिस कलाको दूरसे देखते ही प्रेक्षक उसके गुण और मर्मको जानकर आनंदित होता था, उसके बदले यह कही जाती मोडर्न आर्ट नामकी कृति प्रेक्षकको 'वह क्या चीज है ?' यह नहीं समझा सकती है। ऐसी विकृतिको 'आर्ट' के नाम पर प्रदर्शनोंमें दिखाकर जगतको उल्लू बनाया जाता है। ऐसी कलाविहीन विकृतिके प्रवाहके सामने देशकी प्राचीन कलावांच्छओंकों झुंबेश उठाकर भारतीय कलाकी सुरक्षा करनेका अपना फर्ज नहीं भूलना चाहिये।

भारतके प्रासादकी जातियाँ—

प्रासाद वास्तुग्रंथों में मुख्य विषयमें जातिके बारेमें जानना अति आवश्यक है। वास्तुग्रंथों में बतायी हुई धार्मिक विधि और ज्योतिष विषय और ऐसी दूसरी बाबतों की लम्बी चर्चामें स्थापत्यके अभ्यासीओंकी कम रूचि होती है।

क्षीरार्णव-अपराजितपृच्छा और ज्ञानरत्नकोष जैसे नागरादि शिल्प ग्रंथोंमें भारतीय प्रदेशोंमें प्रवर्तमान प्रासादकी चौदह जातियाँ कही गई हैं। वास्तुराज, वास्तुमंजरी और प्रासाद मंडन जैसे पन्द्रहवीं-सोलहवीं सदीके ग्रन्थों में भी उसकी नोंध ली गई है। मण्डनने चौदहमें से आठ जातिओंको श्रेष्ठ कहा है। अपराजितपृच्छाकारने चौदह जातियोंके बारेमें पूरे चार अध्यायों (१०३ से १०६) विगतसे दिये हुए हैं। १ नागर, २ द्रविड, ३ लतिन, ४ भूमिज, ५ वराट, ६ विमान, ७ मिश्र, ८ सांधार, ९ विमान नागर, १० विमान पुष्पक ११ वलभी १२ फांसनाकार (नपुंसकादि), १३ सिंहावलोकन, १४ रथारूह।

समरांगण सूत्रधार अ० ५२ में इस विषयकी चर्चा करता एक छोटा-सा अध्याय है। लेकिन उसमें चौदह जातियाँ नहीं कहीं हैं और उस विषय के पर विस्तृत चर्चा भी जातिके भेद करके नहीं कि गई है। भूमिज, लतिन, नागर, द्रविड, वलभी जातियाँ कही गई हैं। लेकिन उसमें अपराजितपृच्छाकार की तरह व्याख्या नहीं की गई है।

लक्षणसमुच्चयमें छः प्रादेश प्रकार कहे हैं। १ कलिङ्ग, २ नागर, ३

निरंधार प्रासादके गर्भगृह पर शिखर, " नागर " गुढमंडप पर संवर

निरंधार प्रासादके गर्भगृह पर शिखर, " नागर " गुढमंडप पर संवरणा ... चतुष्किका साथ संपूर्ण अङ्गयुक्त पक्ष दर्शन, क्षोणार्णव प्रस्तावना

भूमिज प्रासाद शिखर

1 वरंडिका, 2 प्रहार, 3 रथिका, 4 शूरसेनक, 5 स्तम्भकूट, 6 ध्वजापुरुष, 7 माला, 8 स्कंध, 9 घंटा, 10 चंद्रिका, 11 कलश

क्षीरार्णव प्रस्तावना प्रासाद जाति : शैली

Sthapati **Prabhashanker O. Sompura,** Shilpa Visharad.

8 skandha
ghaṇṭā 9
6 dhvaja-puruṣa
mālā 7

लाट, ४ वराट, ५ द्राविड, ६ गौड ये छः प्रथायें बताई है। लक्षणसमुच्चयकारने विधि स्वरूपानुसार दूसरी छः जातियाँ बताई हैं। जिसके अनुसार १ लतिन, २ कुटिन, ३ शेखरी, ४ चक्रीण, ५ भूमिज, ६ सांधार–इनके उपरांत वलभी और फासनाकारके दो प्रकार निर्दिष्ट हैं।

द्रविड प्रदेशके दशवीं सदीके कामिकागम के अ० ४९ में भी छः प्रकार बताये हैं। १ नागर २ द्रविड ३ वेसर ४ वराट ५ कलिंग ६ सर्वदेशी।

घंटाशालग्रामके पहेली शताब्दीका स्तूपमें द्रविड प्रासाद शिखरके तकतीमें अंकन
लखनऊ म्युजियम

द्रविड शिल्पग्रंथोंमें काश्यपशिल्प और मयमतम् और शिल्परत्नमें तो सिर्फ तीन ही जातियाँ बताई गई हैं। १ नागर २ द्रविड ३ वेसर। भारतके पूर्व, पश्चिम, उत्तर प्रदेशों में नागर, दक्षिण में नीचे, द्रविड और उन दोनोंके बिचके प्रदेशोंमें वेसर जातिके प्रासादोंकी शैली प्रवर्तमान है ऐसा बताया है।

कामिकागम को बाद करते बाकी के द्रविड वास्तुग्रन्थों में जो उपरोक्त जातिका विवरण किया गया है उसके लक्षणके आधार पर केवल दक्षिणके द्रविड मंदिरों को ही लागु होता है। उत्तर भारत की नागर शैली दक्षिण भारत की नागर शैलीकी विभावना एक दूसरेसे बिलकुल भिन्न है। द्रविड मंदिरों कोशलमें राजीवलोचन और सौराष्ट्र के बीलेश्वरका प्रख्यात है।

लतिन, भूमिज, फासना और वलभीके प्रकार बहुधा प्रादेशिक शैली के प्रख्यात है। सांधारकी व्याख्याके अनुसार प्रदक्षिणा मार्ग सहितके प्रासाद, उनके लक्षण और प्रकारका वर्णन अस्पष्ट है। प्रदक्षिणा मार्गवाले प्रासादों द्रविड के अलावा बहुत-सी प्रांतीय शैलीके हैं। भारत के पृथक् पृथक् भागों में प्रवर्तमान जातिके बारेमें कई प्राचीन शिल्पग्रंथकारोंने सर्वदेशीयतासे जातिके वर्णनके साथ कहा है।

अपराजितपृच्छामें सम्पूर्ण विगतसे नागरशैलीका वर्णन उत्तर भारत के दूसरे प्रादेशिक लक्षणभेद को बाद करते गुजरात, राजस्थान के ग्यारहवीं सदीके बाद बनाये हुए मंदिरोंको लागु होता है। उत्तर भारतके पश्चिम भागको अर्थात् भारतकी प्रांतीय पद्धतिके मंदिरों को सच्चे स्वरूपमें नागरादि शैलीका कहा है वह योग्य है।

लक्षणसमुच्चय नागरी वर्तना के लिये मध्यप्रदेश, लाट–गुजरात अथवा पश्चिम भारतीय प्रदेशको योग्य मानता है। उपांगवाले चोरसतल पर उर्ध्व वक्र रेखावाले शिखरोंके ऊपर वर्तुल आमलकवाले ऐसी आकृतिके शिखरोंवाले मंदिरों नागर शैलीके व्यापक अर्थमें उस प्रकारमें आ जाते हैं। कर्णाटक प्रदेशमें उत्तर भारत के लतिन स्वरूपवाले मंदिर देखनेमें आते हैं और उत्तर भारत के प्रासादों जो चोरस आकारपर गोल आमलक है उसे वेसरजातिके कई विद्वानों पहचानते हैं। उनको श्री एम. रामराव द्रविडग्रन्थों के आकारसे बताते हैं. लेकिन द्रविडग्रन्थों इस विषयमें अस्पष्ट है। कामिकागम तो कई द्रविड विद्वानों के मतसे विरुद्ध उनको स्पष्टतया उत्तर भारतके मंदिरोंको नागरादि जातिके कहता है।

अपराजितपृच्छाकारके मतसे नागरकों जातियोंमें प्रथम कहा जाता है। परन्तु उनकी दि हुई व्याख्याके अनुसार गुजरात राजस्थान और खजुराहो के और एकांडक प्रासादोंका नागर जातिकी मर्यादामें समावेश हो जाता है, परन्तु

विकासक्रम की दृष्टिसे अर्थात् उस एकांडक शिखरवाली जाति ज्यादा प्राचीन होनेसे और उस एकांडकका ही सन्तान होनेसे लतिन को ही नागर कहने का लक्षणसमुच्चय जैसे अपराजितपृच्छासे भी अधिक प्राचीन ग्रन्थों में मत है। इस दृष्टिकोणको ध्यानमें रखें तो प्रासादों की जातिमें एकां-डक लतिन जातिको आदि मानना चाहिये। अथवा व्यापक अर्थमें देखें तो एकांडक और अनेकांडक दोनोंको नागरके ही [प्रकार के] मानना चाहिये। एकांडक ज्यादा प्राचीन और

1 ललितशिखर 2 मूलघंटा 3 उरुघंटा 4 घंटिका 5 रथ 6 कूट 7 संवर्ण।

नागर प्रासाद शिखर

1 कलश. 2 आमलसारक. 3 मूलरेखा. (मूलमंजरी). 4 ऊरुशृंङ्ग. 5 कर्म. 6 सिंह.
7 शुकनास. 8 तवङ्ग. 9 तिलक. 10 कर्म. 11 प्रहार.

१ **नागर**—अनेकाऽक नागरप्रासाद.–सामान्यतया. कामदपीठ या गजाश्वनरादिपीट पूर्णालंकार मंडोवरछाद्ययुक्त-उसपर शिखरमें शृंङ्ग, ऊरुशृंङ्ग, प्रत्यङ्ग तवङ्ग.

अनेकांडक्र उत्तरकालीन भी सविशेष प्रचलित है। इस स्पष्टीकरण के आधारपर प्रासाद जाति विवेचन लतिनसे किया जाय तो विशेष तर्कयुक्त गिना जायगा।

१ **नागर**–अनेकांक नागर–सामान्यतया बृहद्का मदपीठ या गजाश्वनरादिपीठ, पूर्णालंकारी मंडोवर, छाद्ययुक्त, उसके शिरपर श्रृङ्ग, ऊरुश्रृङ्ग, प्रत्याङ्ग, तवङ्ग तिलक और मूलमंजरी को दल विभक्ति से प्रकट होता हुआ अनेक अंडक के समुहसे रचे जाते शिस्तबद्ध शिखर, जिसके स्कंधके सिरपर आमलसारा कलशयुक्त शिखरको अपराजितपृच्छाकारने नागर जातिको माना है, उसके आगे कवली चोकी होती है लेकिन ज्यादातर वितानयुक्त रंगमंडप अथवा गूढमंडप ऊपर फासना या संवरणायुक्त होती है।

अपराजितकारने नागरके पाँच भेदो और उनके स्वरूप और उनके भेद कहे हैं:।

नाम	स्वरूप	भेद
१. वैराज्य	चोरस	५८८
२. पुष्पक	लम्बचोरस	३००
३. कैलास	वृत्त (गोल)	५००
४. मणिपुष्प	लम्बगोल	१५०
५. त्रिविष्टय	अष्टांश	३५०
	कुल	१८८८

नागरजातिके तलदर्शन पत्र ७५ पर है नागरजाति नारघाट प्रासादके संपूर्ण अंगयुक्त आलेखन यहां बडा पेज २ पर दिया है।

२ **लतिन**–शिखर जालांकृत लताओं से बना हुआ (कुडचलेवाला) अने रेखायुक्त वेणुकोषसे आकारबद्ध बनता हुआ और श्रृङ्गाश्रृङ्ग रहित एक अमलसारा को कलशयुक्त शिखर होता है। पुराने लतिनका मंडोवरपर छाद्य नहीं होता है। ऐसे प्रासादोंके आगे कवलीके बाद बहुत करके प्राग्रिव (केवल चोकियाला) होता है। नीचे कामद पीठसे उठे हुए उपांगों शिखरके स्कंध तक जाते हैं। शिखर वरंडिकाके ऊपर अंतराल जैसे कण्ठ पर वेणुकोषसे शिखरकी रेखा उत्पन्न होती है। रेखाके अलावा कईमें लतापंचक (पाँच उपांग) होते हैं। उनके शिखर के मध्य भद्रको मध्यलता कहते हैं। शिखरके उपांगोंको बालपंजर (बालञ्जर) कहते हैं। ऊपर की खडी रेखा खण्ड कला और भूमि आमलयुक्त होती हैं। इन उपांगोंके उपरी भागको स्कन्ध कहते हैं। लतिन प्रासादों रेखा विस्तारसे सामान्यतया सवागुने (१¼) उदयके स्कन्ध तक होते हैं। स्कन्ध पर आमलसारक होता है। उसके अङ्गमें नीचे ग्रीवा चंद्रिका आमलसारिका (पर चुलिका से कही होती है) उसके उपर कलश होता है। शिखर के नीचेका विस्तारका १० भाग करके ५ से ६ भाग स्कन्ध विस्तार होता है।

अपराजितकार कहते हैं कि नागर रेखाके समान परन्तु शृङ्गोंके रहित एकांडी शिखर रूचकादिसे उद्भूत होता है। अपराजितपृच्छाकार लतिन के पाँच स्वरूपके पाँच नाम कहते हैं। १ रूपक–चोरस–लंब चोरस २ भव–विभ

लतिन शिखर

1 कलश. 2 चंद्रिका, 3 आमलसारक, 4 ग्रीवा, 5 स्कंध, 6 रेखा, 7 कला, 8 भूमि–आमलक, 9 खंड, 10 कंठ, 11 वरंडिका, 12 वेणुकोश 13 मध्यलतापंजर 14 लतापंचक 15 बालपंजर—लतिनशिखर

३ वृत–पद्ममालाधर ४ लम्बगोल=मलयमकरध्वज ५ अष्टाश्र वज्रक–स्वस्तिक इस तरह एक द्वारके पच्चीश भेद कहे हैं।

लतिन शिखरके ऊर्ध्व अंश

1 चूला. (चूली) 2 आमलसारिका. 3 ग्रीवा. 4. आमलसारक. 5 स्कंध. 6 मध्यलता. 7 वेणुकोश.

३ **द्रविड**—दक्षिणपथके वास्तुग्रंथोंके अनुसार द्रविडजाति को षड्वर्ग कहा गया है। तदनुसार १ अधिष्ठान (पीठ) २ पाद (स्तंभयुक्त मंडोवर) ३ प्रस्तर–(वरंडिका और छाद्य–छज्जा) ४ ग्रीवा ५ चुलिका (आमलकचंद्रिका–कर्परी पद्मपत्र) ६ स्तूपिका (कलश) जिसे ईतने अँग होते हैं उसी द्रविडजातिका प्रासाद जानना। कई बार प्रस्तरके ऊपर कूट और शाला शिखर की व्यंजनासे भूमियाँ बनायी जाती हैं। आगे मुखमंडल किया जाता है। उसके बाह्य भागमें पाद–स्तंभयुक्त मंडोवर और ऊपर प्रस्तर होता है। मंडप के अंदर मध्यमें चार स्तम्भों पर छाद्य–छत्तियाँ रखते हैं। इससे मंडप को मात्र समदल छादन (Flat Roof) धव्बा किया जाता है।

द्रविडतल दर्शन–तल आयोजन में सामान्यतया चोरस क्षेत्रमें कर्णभद्रादि अंगों एक सूत्रमें होते हैं। पादान्तर शलिलान्तर से अंगोंको जुदा किया जाता है: नागर छन्दको अट्ठाईकी तरह मध्यका भद्र और छेडे पर कर्ण कहते हैं। उपरोक्त षड् वर्गके प्रत्येक के भिन्न भिन्न अंगों हैं। उनका विशेष स्पष्टीकरण करने की आवश्यकता है।

१. अधिष्ठान–पीठको तीन थरों सामान्य रीतसे हैं। १ पद्म (जाडम्बा) २ कुमुद (कणी छजी) ३ सिंहमाला (ग्रासपट्टी जैसा) उसके पर प्रति और वेदी नामके दो सपाट थर किये जाते हैं। वहाँसे आदितलका प्रारम्भ होता है। उसे पादमें समाविष्ठ माना जाता है।

२. पाद–(स्तम्भयुक्त मंडोवर) उसकी तीन बाजु पर भद्रको देवकोष्ठ कहा जाता है। उसमें जिस देवका प्रासाद हो उसके पर्याय स्वरूप रखे जाते हैं। यह बाह्यस्वरूप कहा। अंदर गर्भगृह होता है।

३. प्रस्तर–प्रस्तरके अंगमें १ वरंडिका २ उत्तर ३ वाजन और ४ कपोत (अर्धगोल) उसमें चैत्य जैसी नासिकाएँ होती हैं। कपोत–छजेका निर्गम ज्यादा होता है। जो ऊपर मजला हो उसे द्वितीय तल कहते हैं। उसके अंगों नीचे दिये हुए हैं।

अ. प्रस्तरके उपर सिंहमाला–मंचके थरों पर कोण–कोने पर कर्णफूट–(दो स्तम्भोंका पर चैत्य–झूल (कमान) उस स्तम्भिकाके भागको वितर्दिका कहते है। मध्य गर्भमें गवाक्ष–कोष्टको दो तरफ दो दो स्तम्भपर सन्मुख चैत्य झूल और उसके बिच अर्ध गोलाकार वरंडिका को भद्रशाल कहते हैं। कर्ण फूट और भद्रशाल के बिचके अंतरमें नेत्रकोष्ठ (हारान्तर)–हारके नीचे क्षुद्रनासिका के उपर तिलनासिक (छोटी ठकार) यहाँ द्वितीय तालपूर्ण होता है।

ब–उसके पर चतुस्र अष्टांश्र या वृत–शिखरका (गुँबज जैसे) प्रारम्भ होता है। उसमें सिंहमाला पर पीढान फलक (छत छतियासे ढँका हुआ) उपर जो

द्रविड प्रासाद शिखर सह

1 अधिष्ठान. 2 पद्म. 3 कुमुद. 4 सिंहमाला. 5 प्रति. 6 वेदी. 7 आदितल. 8 पाद. 9 देवकोष्ठ. 10 प्रस्तर 11 उत्तर. 12 वाजन. 13 नासिका. 14 कपोत. 15 मंच. 16 सिंहमाला. 17 कर्णकूट. 18 वितार्दिका. 19 भद्रशाल-(कोष्ठ). 20 नेत्रकोष्ठ (बारान्तर). 21 द्वितियतल. 22 क्षुद्र नासिका. 23 तीऊ नासिका. 24 चतुरस्र शिखर. 25 वृष. 26 ग्रीवा. 27 ग्रीवा कोष्ठ. 28 महानास. 29 सिंहवक्त्र. 30 स्तुपिका.

गोल या अष्टाश्र शिखर (गुँबज्ज) हो तो कोने पर वृषभ, सिंह या गरूडके बडे स्वरूप रखते हैं। अगर कर्णकूट रखते हैं।

४. ग्रीवा–वरंडिका कपोत पर सादी जंघाके जैसे भागको ग्रीवा कहते हैं। (उसके कोनेमें वृषादि और मध्यमें दो स्तंभों को ग्रीवाकोष्ट–गोखमें देवस्वरूप करते हैं। उसके उपर महानासी (चैत्य–झूल), महानासी की मंचपर ढेरके रूपमें सिंहवक्त (ग्रास मुखके समान) किया जाता है। गर्भके दो महानासी के मध्यमें कोने पर पार्श्वनासिक भी कई लोग करते हैं। महानासीका अपर नाम भद्रनासी भी है। कई स्थलों पर ग्रीवाके थरमें स्तंभो करने के अलावा वहाँ दो देव रूप या ऋषिमुनिके बैठे रूप भी करते हैं। परन्तु उनका पट महानासी से अलंकृत करते हैं। कोई उस रूपके स्थानपर शाला (सादा भद्र) भी करते हैं। उपर महानासी तो कोई भी प्रकारमें होता ही है। ग्रीवाके उपर निकलता हुआ हंसवाजनका फिरता थर करके उसके पर दूसरा छाटवाला उससे निकलता हुआ थर किया जाता है। उसके पर शिखर होता है।

ग्रीवाके पर हंसवाजन या दूसरे थरके स्थानपर दंडछाद्य जैसा छज्जा निकालकर उसके पर भी शिखर (गुँबज जैसा) होता है। ग्रीवा स्तूपिका के मध्यके गुँबज जैसे शिखरका षड्वर्गमें स्थान नहीं है।

५. चूलिका–शिखर अर्द्ध भागमें (नागर छन्दके चंद्रसरूप) पद्मपत्रिका–अथवा कर्परी पत्र रूप विस्तृत होता है।

६. स्तूपिका–चूलिकाके पर द्रविड शिखरका सर्वोपरि स्तूपिका नागर छन्दके कलशरूप होता है।

अपराजितकारने द्रविड प्रासादके पाँच भेद कहे हैं। १ स्वस्तिक, २ सर्वतोभद्र ३ वर्धमान, ४ सूत्रपद्मा, ५ महापद्मा इन पाँचोंके क्रमसे एक एकके सौ दोसौ, तीनसौ, चारसौ और पाँचसौ इस तरह कुल पन्द्रहसौ भेद किये हैं। परन्तु उसका स्पष्टीकरण दिया नहीं है। अपराजितकार द्रविड छंदके स्वरूप का वर्णन करते हुए कहते हैं कि पीठके उपर कर्णरेखा की भूमिका क्रमसे करना। उसकी विभक्ति दल–लताश्रृंगों के क्रमसे उत्पन्न होती है। मेष, मकर कूटादि कंटकोंसे आवृत्त वेदी घंटा नासिकादि से शोभता हुआ द्रविड छंदका प्रासाद समझना।

द्रविड प्रासादके शिखरके पृथक् पृथक् स्वरुप

1. 1 चतुस्रशिखर. 2 शाला. 3 हार. 4 कर्णकूट. 5 ग्रीवा. 6 महानासि.
2. वृतशिखर–1 वृष. 2 हंसवाजर. 3 महानासि. 4 पद्मपत्र. 5 स्तूपिका.
3. वृतशिखर–1 पीडान फलक. 2 ग्रीवा. 3 महानासि. 4 पार्श्वनासि.
4. अष्टाशिखर-1 सिंहमाला. 2 पीडान फलक. 3 वृष. 4 ग्रीवा. 5 नासिक. 6 कर्परि **पद्मपत्रिका.**

४. भूमिज—

भूमिज प्रासादोंमें कई बार तलदर्शन अष्टभद्री या अष्टकर्णी या वृत्तसंस्थान पर आँका जाता है। पीठ और मंडोवर के सामान्य लक्षणों अनेकांऽक नागर जैसे ही होते हैं। परन्तु शिखर प्रकृतिके मूलगत फर्क होनेसे उसका पूरा दृश्य विशिष्ट बनता है। उसे छाद्य-छज्जा क्वचित् होता है। उसके शिखरकी रेखा नागरीके जैसी लेकिन रेखाकी अंदर उत्तरोत्तर श्रृंगयुक्त होती है। शिखरके कर्ण प्रतिरथ और रथके उपांगमें एक पर दूसरा-तीसरा-इस तरह सात श्रृंगों उत्तरोत्तर चढ़ाये हुए होते हैं। उसके शिखरको बालपंजर (बालंजर) के उपाङ्ग नहीं होते हैं। परन्तु भद्रके पर मालारूपमें लता खिंची हुई होती है। भद्रकी लताको माला कहते हैं ? इससे सिर्फ शिखरके भद्रमें कुडचल कंडारा होता है। और कर्ण और प्रतिरथके उपांगोंमें उत्तरोत्तर श्रृंगों (कूट) चढ़ाये हुए होते हैं। प्रत्येक श्रृंगों पर कुंभी स्तंभीकायुक्त जंघा और उसके पर प्रहारके ऊँचे थरों करके फिर क्रमसे श्रृंग-कूट चढ़ाये हुए होते हैं। एक, दो, तीन, पाँच, सात इस तरह क्रमसे उत्तरोत्तर श्रृंगों शिखरके स्कंधतक चढ़ाये हुए होते हैं। स्कंध पर ग्रीवा, घंटा, पद्म, छत्र, चंद्रिकायुक्त आमलक होता है। उसके पर सर्वोपरि कलश होता है।

उसके मंडोवरके थरोंमें छज्जा क्वचित ही होता है। छज्जे पर वरंडिका और केवालके घाटोंवाले थर पर प्रहार होता है। वहाँसे शिखरका प्रारम्भ होता है। भद्रको रथिका कहते हैं। वह देवरूपसे अलंकृत होता है। उसके पर (नागरछंदके उद्गमको) शुरसेनक कहा जाता है नीचे बड़ा होता है। शिखरके कर्ण-प्रतिरथ पर चढ़ाये हुए श्रृंगोंके थरको स्तम्भकूट कहते हैं। नागरछंदकी तरह स्कंधसे नीचे ध्वजाधारके पीछे बाहर प्रतिरथमें निकाला हुआ होता है।

भूमिज दृष्टांतोंमें आगे गूढमंडप अगर रंगमंडप किया जाता है। मालवा, महाराष्ट्रमें भूमिज जातिके प्रासाद देखनेमें आते हैं। क्वचित उतरकर्णाटकमें भी अपराजितकारने भूमिजके स्वरूपका वर्णन करते कहा है कि—बांसकी तरह उत्पन्न हुआ हो अिस तरह कूट बडेसे छोटे अैसे क्रमसे चढाते जाना। दल विभक्ति उपांगोंके अंगोंसेयुक्त भूमिज छंदके प्रासाद जानना।

अपराजितकारने भूमिजके तीन प्रकार कहे हैं। १ चोरस निषध-२ वृत्त-कुमुद ३ अष्टाश्र-स्वस्तिक-और उसके दश-सात और आठ इस तरह तीन प्रकारसे भूमिज करना। अिन सबके ६२५ भेद कहते हैं।

५—वराट जाति-भूमिकाके क्रमसे जंघाहीन करते जाना। भूमिकावालो श्रृंग श्रृंगोंसे युक्त-बहुत श्रृंगोंवाला रेखा प्रतिरथ भद्र और प्रतिभद्र युक्त मंदार पुष्पिका और घंटावाला अैसी वराट जातिके लक्षण जानना।

अपराजितकारने वराटजातिके पांच प्रकार कहे हैं । १ वराट २ पुष्पक ३ श्रीपुंज ४ सर्वतोभद्र ५ सिंह । इन पाँचोंके १२०२ भेद कहे हैं ।

६ **विमानजाति**–चोरस तलको रथ उपरथको भद्रके थोडे उपांगोंवाले विमानजातिके प्रासाद जानना ।

विमान छंदके पाँच प्रकार–१ विमान २ गरूड ३ ध्वज ४ विजय ५ गंधमादन । इन प्रत्येक पुष्पमाला घर आकारके लता श्रृंगवाले जानना । उनके प्रत्येक नामानुक्रमसे भेद कहे हैं । ३००–४००–५००–६००–७०० इस तरहँ कुल पच्चीस सौ भेद कहे हैं ।

७. मिश्रक जाति–नागर छंदका अनेक तिलकवाला तिलकोंसे शोभता मिश्र छंदका प्रासाद जानना । अनेक आकार रूपवाला जानना । अपराजितकार उसके अठारहसौ भेद कहते हैं ।

८ **सावंधारा जाति**–या सांधार जाति–व्युत्पत्तिकी दृष्टिसे स-अंधार–जो प्रासादों गर्भगृह प्रदक्षिणा मार्ग सहितके हों तो उन्हें सांधार कहा जाता है । अैसी रचनामें प्रकाशका बहुत कम अवकाश होता है । असिसे वे स–अंधार कहे जाते हैं । अैसे प्रदक्षिणा मार्गवाले सांधार प्रासाद नागर जातिमें बहुत स्पष्ट रीतसे बताया गया हैं । जिनको प्रदक्षणा मार्ग नहीं होते हैं । वैसे प्रासादोंको निरंधार प्रासाद कहा गया है ।

सांधार प्रासादके बाह्य भागके प्रमाणसे शिखर किया जाता है। अैसे सांधार प्रासादों गुजरात सौराष्ट्र, राजस्थान, मेवाड़में हैं। वैसे सांधार प्रासादों मध्यप्रदेश के खजुराहोंमें भी हैं। सोमनाथका महाप्रसाद सांधार जातिका है। सांधार जातिका तलदर्शन पत्र ७५ पर है। यह देखो !

अपराजितकार उसका स्वरूप बताते हैं। तलच्छंद जिसके विभक्त उपांगों-वाले है, उसमें गर्भगृह, दिवारें, भ्रमवाला-जिसे भ्रमों क्रमयोगसे कहे हो उसके पर शिखर हो उसे सांधार छंदके प्रासाद जानना ।

उसके सात प्रकार—१ केसरी २ नंदन ३ मन्दर ४ श्रीतरू ५ ईन्द्रनील ६ रत्नकूट ७ गरूड उन सातोंका अनुक्रमसे भेद कहा है । दो–तीन–एक–छः–तीन–सात और तीन असि तरह मिलकर कुल पच्चीस भेद कहे हैं ।

९. विमान नागर–नागर उपर छंदयुक्त लताशृंगवाला हो वैसे प्रासादका विमान नागर छंद जानना ।

१०. विमान पुष्पक–विमान नागर छंद उपर शिखरमें पुष्पक जैसा उरुश्रृंग होवे वैसा, वह सर्व कामनाओंको देनेवाला अैसा विमान पुष्पक छंदका प्रासाद जानना ।

११. वलभी–वलभी जातिके प्रासादों लतिन नागर छंदसे भी प्राचीन जातिके मालुम होते हैं। सौराष्ट्रमें उत्तर गुप्त कालके कदवार (प्रभासके पास) हैं, और पोरबंदर द्वारिकाके बिचके हर्षद माताके स्थानपर बहुत सामान्य रूपमें वलभी प्रासाद हैं ।

पार्श्वभद्र **वलभी प्रासाद** पृष्ठभद्र

1 गर्भगृह 2 कपोत 3 वलित पट्टिका 4 कंठ 5 स्कंधवेदी 6 वलभी 7 चंद्रशाला 8 आमलसारक 9 सिंह

लम्बचोरस गर्भगृहको बाहरके तलछंद घंटाके विना क्रमसे भूमिका चढाकर उसकी भूमिका गजपृष्ठाकृति (वरंडिका जैसे लोढिये) करना। तब वह सर्व कामनाओंको देनेवाला अैसा वलभी छंद जानना।

अपराजितकारने उसे विमान नागर छंदके प्रासादके कुलका माना है, और उसके चार प्रकार आकार परसे नामाभिधान दिया है! १. लम्बचोरस पुष्प प्रकार २. चोरस-संकीर्ण ३. घृतको रत्नज्योति ४. लंबगोलको महार्चिप कहते हैं।

द्राविडमें महाबलिपुरम् वगैरह स्थलपर हिमाचल प्रदेश-कलिंगमें वलभी जातिके प्रासादों छुट्टे छ्वाया देखनेमें आते हैं। भुवनेश्वरमें वैतालदेवलका अलंकृत मंदिर वलभी जातिका है।

आयनाश्र (लम्ब-चोरस) तलवाले, हस्तांअगुल उपांगोवाले या उपांगोके विना वलभी प्रासादोंकी टोचपर नागर या भूमिज शिखर नहीं हो सकता है। अभीतक मिले हुए ऐसे प्राचीन-प्रासादोंके अभ्यास परसे मालुम होता है कि कम घाटवाली पीठ और मंडोवर सामान्यतया सादे होते हैं। मंडोवरके शिरो भागमें स्कंधवेदी (गोल वलीके जैसी) करके उसके उपर लम्बाकारमें अर्धगोलाकार वलभी किया जाता है। उसकी छोटी बाजुओंके दोनों सिरों पर चँद्रशालाकी टोच पर दोनों तरफ सिंह बिठाये हुए हैं। वलभीकी टोच पर एक या तीन कलयुशक्त आमलसारिकायें रखी जाती हैं। ऐसा प्रकार वलभीका है, और दूसरा प्रकार लम्बचोरस गर्भगृहके बाहर चारों ओर वलिका अर्धगोलाकार कर मध्यमें वलभी संकुचित लम्ब-चोरस वलभी कर उसकी दोनों तरफ छोटी बाजुओं पर चन्द्रशाल (उद्गम-देढिये) कर उपर कलश चढाया जाता है।

तीसरा प्रकार—लम्ब-चोरस या समचोरस गर्भगृह पर उपरोक्त दोनों प्रकारकी तरह वलित पट्टोका कपोत-कंठादिके निकलते घाटके थर करके उपर बलिकाका घाट करके वैसे तीन या पाँच थरोंको उत्तरोत्तर संकोच कर चढाकर उपर आमलक कलश चढ़ाया जाता है। प्रत्येक वलिकाके थरमें पहलेमें पाँच, दूसरेमें तीन इसी तरह चैत्य-कूट किये जाते हैं।

सामान्यतया वलभी प्रासादोंके अग्र भागमें मंडप जुड़ा हुआ हो, वैसे दृष्टांत देखनेको नहीं मिलते हैं।

१२. फासनाकार—इस जातिके प्रासादोंको सामान्य पीठ मंडोवर पर छाजलियाँ क्रमशः उत्तरोत्तर संकोचकर चढ़ाकर टोचपर घंटाकलश रखा जाता है। भद्रपर सिंहकर्ण (बडा उद्गम) वाली रचनाको अपराजितपृच्छाकारने फासनाको-

फासनाकार शिखर

1 प्रहार 2 कर्णफासना 3 भूमिजं 4 चद्रशालिका 5 सिंहकर्ण 6 घंटा 7 कलश

नपुंसका–फासनाकार कहा है। कितनोंके कोने पर कर्णफासना–फासनाकार कूट चढाते हैं। फासनाकार प्रासादोंका तलदर्शन हस्तांगुल उपांगोवाला सिर्फ कर्ण–रेखा और भद्र विशेषकर होता है। उदकान्तर वर्जित–पानीतारके उपांग होते हैं। फॅंसकिया–फांसना शैली गर्भगृह परसे मंडप फासना करनेकी पद्धति बादमें प्रविष्ट हुई है।

फासनाकार मंदिरों, खजुराहो, गुजरात, चेदी प्रदेश, अमरकंटक, आबू, देलवाडा, राजस्थान, कलिंग–ओरिस्सा–भुवनेश्वरमें हैं। फासनाकारके पाठों जयपृच्छा–प्रमाणमंजरी–वृक्षार्णव–अपराजित पृच्छा और लक्षणसमुच्चयमें उल्लेख है।

फासनाको गुजरात सौराष्ट्रके शिल्पीओंने 'तरसटियु' कहा है। वह 'त्रिषट्' का अपभ्रंश है। अर्थात् तीनों तरफके दर्शनवाला–परंतु त्रिषटा शब्द शिल्पग्रंथोंमें नहीं मिलता है। बहुत सादगीसे फासना मंदिर होता है जिससे भारतके हरेक प्रदेशोंमें सादे स्वरूपमें फासनाकार मंदिर देखनेमें आते हैं।

कलिंग–उडिया प्रदेशोंमें भुवनेश्वर पुरी और कोनार्कके मंदिरोंके मंडपों पर फासना चढ़ाई हुई दिखती है। छाजलीके पाँच, सात या नौ थरोंके बिच एक सादा थर जंघाके जैसा चढ़ाया जाता है उसे "कांति" कहा जाता है। उसके पर फिर पाँचेक थर छाजलीके चढ़ाकर घंटा और कलश चढाते हैं! कलिंग शिल्प ग्रंथोंमें छाजलीको 'पीडा' कहा गया है। वैसे सात–नव थरोंके उदयको 'पोटल' कहते हैं और उसपर बीचके एक सादे थरको कान्ति कहते हैं। उपरके दूसरे पाँच–सात थरोंके उदयको भी 'पोटल' कहते हैं। उसके पर घंटाके नीचे ग्रीवाको "बेकी" कहते हैं। उसके पर मंढपकी फासनाके सर्व थरोंके उदयको "गंडी" कहते हैं। यद्यपि, शिखरके उदय भागको भी "गंडी" कहते हैं। इस तरह शिल्पीओंको प्रांतीय भाषाके शब्दोंसे थरोंका परिचय दिया गया है। अपराजित-कारने फासनाकारको नपुंसक छंदका प्रासाद कहा है।

१३. सिंहालोकन–छाद्य–छाद्योंसे उत्पन्न हुआ, जिसके उपर कोनेको सिंहसे शोभायमान करना। उसके पर घंटा–घंटा आकृति की करना। उसे 'सिंहालोकन' छंदका प्रासाद कहते हैं।

१४. रथारुह–नागर छंदसे उद्भूत–शकट–गाडेके उपर नागरछंदका, जिसको तीन चक्र हो वैसे आकारका कामनाको देनेवाला ऐसा रथारूह छंदका प्रासाद जानना। अपराजितकारने दारू कर्म (काष्टकार्य) से उद्भूत सिंहावलोनन दारूके जैसे छंदका रथारूह जाननेके लिये कहा है।

उपरोक्त चौदह जातिमें पाँच–छः जातिका विशेष स्पष्टीकरण नहीं है। इससे उसका परिचय करना मुश्किल है। तो भी उसके अधिक प्रयत्नसे संशोधन प्रादेशिक भ्रमण करके करने की जरूरत है। जावा, सुमात्रा, अनाम (चंपा) कंबोडिया, सियाम आदि बृहद्‌भारत प्रदेशोंमें भारतीय शैलीके भव्य और विशाल प्रासादोंका निर्माण हुआ है। वे अपनी इन चौदह शैलियोंसें आये हुए होना चाहिये। या–भारतीय शैलीकी कौटुंबिक प्रथा है!

शिल्पस्थापत्य में विवादग्रस्त प्रश्नों

शिल्पियों में कई विवादग्रस्त प्रश्न हैं। कई बार यजमानको ऐसे प्रश्न उलझनमें डालते हैं। इनमेंसे कई प्रश्नों बुद्धियुक्त हैं और कई निरर्थक दुराग्रही भी हैं। स्थलके पर हुए पुराने कामके उदाहरण देकर वे विवाद उग्र बनाते हैं। कई रूढिग्रस्त प्रणालिका को अग्र करते हैं। इन सबका समाधान शास्त्राधार विशेष सबल गिना जाता है। कईबार शास्त्रके पाठोंका अपनी बुद्ध्यानुसार अर्थ करके अपने मतका समर्थन करते हैं। निष्पक्ष रीतसे बुद्धि पूर्वक व्यवहार को भी लक्ष्यमें लेकर सोचना चाहिये। जहाँ पाठोंका अभाव हो वहाँ परंपरागत प्रणालिका को भी मान देना पड़ता है। अगर वहाँ पुराने स्थापत्य को उदाहरण रूप स्वीकारने पर बाध्य होना पडता है।

सत्रहवीं सदीसे शिल्पियों कईं प्रथाओंको अनुसरे हैं। उसमें कुछ शास्त्र विमुख है। ये प्रथायें शास्त्रविहीन है परन्तु प्रणालिकाएं हैं इस तरह मानकर उसका अनुसरण या ऐसे मतमतांतर के लिये दुराग्रह न करना चाहिये। ऐसे उदाहरण देकर अपने मतका समर्थन न करना चाहिये। प्रतिपक्ष का अपमान अवगणना करनेकी वलण भी अनीच्छनीय है।

१. गणितके विषयमें—इक्कीस अंग मीलानेको कहा है। जिस तरह ज्योतिषी को पूरे अंगोंको देखकर मुहूर्त नीकालनेमें असमर्थ होता है उस तरह शिल्पमें विशेषकर लगभग चार–अंगोंको मीलानेका प्रयास करते हैं। १ आय, २ नक्षत्र ३ गण, ४ चन्द्र। शास्त्रकारों कहते हैं कि—

"द्विभिश्रेष्टं त्रिभिश्रेष्ठं पंचभिः सर्वमुत्तमम्।"

सामान्यतया लंबाई चौड़ाई के गजके उपरके आँगूलोंमें विषमअंक होना चाहिये। तो आय श्रेष्ठ आता है। शिल्पशास्त्रमें शिल्पिओं गज अर्थात्–हस्त और उसके २४ आँगुल प्रमाणका मानते हैं, फूटकी प्रथाको नहीं स्वीकारते

हैं। क्यांकि उसके गणितकी रचना इस प्रकार हुई है। सामान्यतया दो फूटका एक गज होता है।

२. यह गणित कहाँसे मिलायें, यह कहा है—मंदिर के बाहर के भागमें मिलानेके लिये कहा है। व्यवहार दृष्टिसे कुछ ठीक करने के लिये अंदर भी गणित मिलानेकी कोशिष करता है। जब प्रतिपक्ष कहता है कि बाहरके विभाग कर उसके विभाग पर ओसार–दिवार रखते अंदर जो माप रहा उसे वहाँ गणित मिलानेकी जरूरत नहीं है, चाहे वह राक्षस गणका नक्षत्र क्यों न हो? इस पक्षकी बात दुर्लक्ष्य करने योग्य नहीं है। परन्तु जो वहाँ भी गणित मिलाया जाय तो अच्छा ऐसा मेरा मत है।

३ **नक्षत्रके** विषयमें शिल्पियों देवमंदिरको देवगण, गृहांको मनुष्यगण या यवनको राक्षसगणना नक्षत्र सामान्यतया मिलाते हैं। वह परंपरा है लेकिन ज्योतिषके नियमानुसार देवोंका जन्म नक्षत्र राक्षसगण हो वहाँ देवमंदिरमें राक्षस गण नक्षत्र मिलानेका आग्रह कओी लोग रखते हैं। शिल्पियोंकी परंपरा जो आगे कही गई है वह है। देवमंदिरमें देवगण ओर मंडपों या चोकीको मनुष्य गण या देवगण नक्षत्र मिलाते हैं। शिल्पियोंकी परंपराका समर्थन करता हुआ अेक पाठ है। परंतु उसे द्वीअर्थी मानते हैं।

४ **शिलास्थापन**—मध्यकी कुर्मशिलाके नौ खंडोंमें नौ चिह्नों करनेमें विश्वकर्माके सभी ग्रँथों अेक मत हैं। लेकिन मध्यकालके अेक सूत्रधार वीरपालने 'प्रासादतिलक' ग्रंथमें इन चिह्नोंको अग्निकोणके क्रमसे करनेके लिये स्पष्टरूपसे कहा है। इस विषयमें शिल्पी वर्गमें चर्चा हैं। लेकिन अब तक कोई दुराग्रह नहीं है इस बात आनंदकी हय।

५ **शिलास्थापन** कहाँ करना? उस विषयमें सामान्य मतसे गर्भगृहके बिच खडे मध्यगर्भमें शिलास्थापन करना। परंतु देवता पद स्थापनके हिसाबसे जहाँ देव स्थापन करना हो उसके नीचे शिला स्थापन करना चाहिये। वह सूत्र अिस दीपार्णव और ज्ञानरत्नकोषमें है। और नाभि खडी करनेकी प्रथा है। ग्रंथोंमें उसका स्पष्टीकरण नहीं है। और मध्यकी कूर्मशिलाका प्रमाण भी कहते हैं। परंतु फिरती अष्टशिलाओंका प्रमाण नहीं दिया हुआ है। वहाँ शिल्पियों प्रथाको अनुसरते हैं। जहाँ शास्त्राधार न हो वहाँ शिल्पियों प्रथानुसार वर्ते यह स्वाभाविक है। कूर्मशिलाके कहे हुअे मानके अनुसार लम्बी और उससे आधी चौडी अष्टशिला रखनेकी परंपरा है।

६ **जगति विषयमें**–प्रासादकी सीमा मर्यादा–शिल्पियों उसका सामान्य अर्थ दुर्ग भी मानते हैं । लेकिन प्रासादकी चारों और देवकुलिकाओं सहस्रलिंगकी या जिनायतनकी या ६४ देव्यायतनकी या पंचायतन जहाँ हो वहाँ विशाल जगती विस्तारसे करनी होती है । जगतीका प्रासादकी भूमिमर्यादा मानकर सामान्य ओटा–जगती ऊँची कर उस पर भीट पीठका प्रारंभ होता है । परन्तु स्थान मान और शहरमें भूमि संकोचके कारण वैसे प्रकारकी जगती न हो तो वह दोष नहीं है । या तो विशाल भूमि पर मध्यमें प्रासादका निर्माण किया जाता है । वहाँ उसकी विशालताको ही जगती माननेका कारण है ।

७. **भीट**–पर पीठके विषयमें प्रासादके प्रमाणसे महापीठ या कामदपीठ शास्त्रमान प्रमाणित बनाना कहा है । परंतु स्थानमान और कभी बार द्रव्यानुसारके हेतुका आश्रय जानकर पीठ प्रमाणसे कम करनेका कहा है । तब कभी शिल्पिओं गहरे अभ्यासके अभावसे विरोध करते हैं । परन्तु कहे हुअे मानसे पीठ कम करनेके प्रमाण दीपार्णव–क्षीरार्णव और 'ज्ञान रत्न कोषादि' ग्रंथोंमें स्पष्ट दिया है ।

अर्ध भागे त्रिभागेवा पीठं चैव नियोजयेत् ।
स्थानमानाश्रयं ज्ञात्वा तत्र दोषो न विद्यते ॥

कहे हुअे मानसे आधा या तीसरे भाग उदय प्रमाण पीठ करनेमें दोष नहीं जानना । मुख्य मंदिरका महापीठ या कामदपीठ और कितनी देवकुलिकाओंको १०८ शिवायतन, ६४ शक्त्याय २४ विष्णायतन् या २४–५२–७२–८४ या १०८ जिनायतनोंको कर्णपीठ कम करनेमें दोष नहीं है ।

८ **प्रासाद**–उदयमानके विषयमें शिल्पीवर्गमें सोलहवीं सदीके बादके मंदिरोंमें कुछ छूट लेकर उदयमान अधिक करने लगे । क्योंकि पंद्रहवीं सदीके बाद स्तंभके अंतरके बीच कमानों बनानेकी प्रथा शुरु हुई । अिससे द्वारकी शाखाके समसूत्रमें स्तंभको रखते थे । ऐसे रखकर पद (दो स्तंभोके बीचका अंतर) के अर्ध भागके बराबर उदय–उभणी कमानके कारण ठेकीको चढ़ाकर रखते हैं । अिससे उदयमान बढ़ जाता है । परंतु अिस विषयमें शिल्पियोंमें वादविवाद नहीं है । अैसे समयमें स्तंभको कितना ऊँचा गिना जाये यह प्रश्न उपस्थित होता है । वस्तुतः भरणेके तल पर्यंतका स्तंभ गिना जाय, कभ उदय–उभणीमें कमान करने जाते तब द्वार वाढसे स्तंभको छोटा कर उस पर काठासरां चडाके कमान करते हैं । तब उसे 'पाय चागलका दोष अज्ञानतासे कहते हैं । कमान शिल्पमें कहाँ कही गई है ? तब वह 'पायचा' शब्द शिल्पग्रंथोंमें कहाँसे निकाला ? अैसे

बीना समझसे विवाद (कम अभ्यासीओंके द्वारा) उठाये जाते हैं। यह निरी अज्ञानता है। प्रतोल्यामें और मेघनाद मंडपमें तोरण करते हैं। तब स्तंभ पर ठेकी=गडद्दी चडानेका कहा है।

९ **द्वारमान**—इस विषयमें खास वादविवाद नहीं है। सामान्यतया निरंधार प्रासादोंमें ५'-५" या ६'-१" या ६'-९" का द्वारोदय अपने हिसाबसे आयमेल करके रखनेकी प्रथा है। परन्तु विस्तारमान विषयमें बर्तमानकालके यजमानोंका आग्रह द्वारविस्तार अधिक रखनेके लिये होता है। यद्यपि यथा योग्य रीतसे विस्तार हो सके इतना रखना। शास्त्रदृष्टिसे थोडी छूट लेकर करे, परंतु यजमान तो गर्भगृहमें वाहनको ले जाना हो वैसा दुराग्रह करे तब शिल्पियोंको शास्त्रीय दृष्टिकी मर्यादासे थोडा बडा करना, परंतु मर्यादाका विशेष लोप न करना चाहिये।

१० **द्वार—शाखाके नीचे कुंभीवाढको तिलकडे** कहे हैं। उनसे अंगुल डेढ अंगुज उदम्बर—उंबर नीचा होता है। मंडोवरके थरवाले कुंभावाढसे उंबर अर्ध भागमें, तीसरे भागमें या चौथे भागमें नीचे उतारनेका प्रमाण देते हैं। तो कओ शिल्पियों उंबर नीचे उतारनेके साथ तिलकडे और मंडपकी कुंभीओं भी उतारेने मतके हैं। यह वादविवाद उग्र होकर चलता है। अेक पक्ष मानता है कि जो "कुंभके न सभा कुंभी" यह प्रमाण है तो तिलकडों या कुंभीओंको नीचे नहीं उतार सकते हैं। तिलकडे कुंभा कुंभीको बराबर रख सिर्फ उंबर ही खोडना—नीचे उतारतेका प्रमाण कहा है। इस तरह उंबर नीचे उतारना जिससे दर्शनार्थीओंको आनेजाने की सानुकूलता रहे।

"उदम्बरान्ते हृते कुंभि स्तम्भ च पूर्ववत्।
सांधारे च निरंधारे कुंभि कृत्वा उदरम्बम्॥

इस श्लोकका अर्थ—उंबर ही फक्त खोडनाकुम्भी और स्तंभकको तो पूर्ववत् रखना। लेकिन प्रतिपक्ष "**उदंबर हृते कुंभिः**" का अर्थ उंबर और कुम्भी खोडना—नीचे उतारना ऐसा अर्थ करते हैं। यह वादविवाद जो मध्यस्थ दृष्टिसे देखा जाय तो सांधार प्रासादमें उंबर और कुम्भी नीचे उतारे हुए पुराने कामोंमें देखते हैं। परन्तु निरंधार प्रासादमें उंबरके साथ कुंभी खोडनेका वराबर नहीं है। तो भी हम यह नहीं कह सकते कि ये दोनों पक्ष झूठे हैं।

११. **मंडोवर पर विभागमें**—शास्त्रकारोंने कुम्मा कलश छज्जे तकके बारह, तेरह थरों कहे हैं। परंतु अल्पव्ययके कारण यजमान कम थर करावे उसमें दोष नहीं है। स्तंभ वाढ—समसूत्र जंघा टोच पर होती है और सामान्य रीतसे

द्वार–वाढ समसूत्र भी स्तंभ बराबर होता है। परन्तु जंघामें भद्रके गवाक्षों द्वार वाढसे नीचे होते हैं। ऐसे समयमें द्वार और गवाक्ष वाढ समसूत्र में होनेका आग्रह न रखना चाहिये। अठारहवीं सदीमें बहुतमें मन्दिर गुजरात, सौराष्ट्र, कच्छ, राजस्थान वगैरह स्थलों पर हुए तीन पदोंका गर्भगृह पर तीन शिखरों और बाह्य मंडोवरके घाटके बदले कडाउ दाबडी की सादी दिवारोंकी प्रथा शूरू हुई है। यहां समाजने यह शैलीका इस कालमें स्वीकार किया वह सामुहिक रीतसे दोष मान स्विकार किया और हजारो मन्दिरों यह शैलीका हुआ तब वहाँ दोष मानना न चाहिये ऐसा मेरा मंतव्य है।

१२. देवता–दृष्टिपद–विषयमें भिन्न भिन्न ग्रंथकारोंमें मतभेद है, परन्तु सर्वसाधारण द्वारोदयके आठ भागके सातवें भागमें फिर उसके आठ भाग कर सातवें भागमें देवदृष्टि त्रिपुरुष और जिनकी–मिलाने के लिये कहा है। अर्थात् द्वारोदयके ६४ भागमें पचपन में भागमें दृष्टि मिलाना। इस प्रथाको शिल्पीवर्ग स्वीकारता है। आये हुए सूत्रमानसे दृष्टि ऊँची या नीची जरा भी न रखने के लिये शिल्पग्रंथोंमें कहा है। कई जैन विद्वानों "सप्तमा सप्तमे भागे" का अर्थ करते हैं कि सातवें के आठवें, भागकर सातवें भागमें अर्थात् छः और सात के बीच दृष्टि आय मेलमें रखना। परन्तु शिल्पीवर्ग सातवें भागमें ही भागपर और नहि कि नीचे–आय मेल–प्रासाद मंडनकार कहते हैं। परन्तु विश्वकर्मा के कोई भी प्राचीन ग्रंथमें आय मेल पर दृष्टि रखनेके लिये नहीं कहा है। वृक्षार्णव और क्षीरार्णव आदि ग्रंथोंमें गजांश विभागमें ही दृष्टिसूत्र रखना। एक बालके अग्रभाग जितना भी फर्क नहीं रखना। यह मतमतान्तर शिल्पियों और जैन विद्वानों के बीचका सामान्य है। गजांशका अर्थ सातमा हि होता है नहि के गजाय।

उपरोक्त मतमतान्तर तो इंचके आठवें भागके बराबर है। परन्तु ठक्कुर-फेरुके मतसे (५′–५″ द्वारोदयके हिसाबसे) १८ अंगुल नीची, दिगम्बराचार्य वसुनन्दीके मतसे सोलह अंगुल, 'क्षीरार्णव' 'दीपार्णव' के दूसरे मतसे २२ अंगुल दृष्टि उत्तरंगसे नीची रखनेके लिये कहते हैं। ऐसे बडे अंतर ग्रंथकारों के मतमतान्तरमें कौनसा मत स्वीकारना? यह प्रश्न होता है, यद्यपि वर्तमान में सर्वमान्य ६४ भागके पचपनमें भागका मत अधिक व्यवहारमें है। पृथक् पृथक् देवदेवीकी दृष्टि स्थिर भिन्न भिन्न करके प्रतिष्ठाके समय पर वादविवाद होनेसे पहले उसका निर्णय कुशल शिल्पियोंको ले लेना चाहिये। अब जो कोई पुराने मन्दिरोंमें जो दृष्टि नीची हो तो तब शिल्पियो धीरज रखकर पूर्वाचार्यके कोई ग्रंथका मत देखकर अपना अभिप्राय देना चाहिये।

१३. देवता पद स्थापन के–संबंधमें भिन्न भिन्न ग्रंथकारोने पृथक् पृथक् विभाग प्रतिमा स्थापनके कहते हैं। यद्यपि उसमें कमज्यादा तफावत है। प्रासाद तिलक, और विवेकविलास, गर्भगृहार्ध के पीछलेमें पाँचवें के तीसरे भागमें कृष्ण, जिन और सूर्यकी मूर्ति स्थापन करनेके लिये कहा है। अलबत्त, शास्त्राधार सच्चा है, परन्तु जिन तीर्थंकर के बारेमें वह अपवादरूप हो वैसा पुराने उदाहरणोंसे लगता है। अन्य देवोंको तो पधराई हुई मूर्तिके पीछे प्रदक्षिणा करने की प्रथा है। वह जो कहे हुए विभागमें पधराई हुई हो तो प्रदक्षिणा होस के तो जैनोंमें चातुर्मुख के सिवा कहीं भी जिनप्रभु के गर्भगृह के अंदर प्रदक्षिणा होती हो वैसा देखनेमें नहीं आता है। इससे जिन प्रभुकी पिछली दिवार से परिकर जितनी जगह रखकर पधराई हुई देखनेमें आती है। जो कि पद विभाग के अनुसार प्रतिमा बिठानेका आग्रह रखनेवाले शिल्पीका मंतव्य झूठ है ऐसा नहीं कहा जा सकता। परन्तु वह व्यवहारमें नहीं है। गर्भगृहके अर्धमें $\frac{3}{4}$ भागमें सिंहासनपीठ रखे जाते हैं। 'प्रासाद मण्डन' के एक दूसरे प्रमाणमें—

'पटाऽधो यक्ष भूताद्या—पटाग्रे सर्वदेवता'

इस सूत्रको जिन प्रभुके बारेमें शिल्पियोंने स्वीकारा हो ऐसा लगता है।

१४. शिखर का विषय–गहन है। उसे अधिक अंडकों या कर्म उरूशृङ्ग प्रत्यागादि वगैरह चढ़ानेके होते हैं। अनुभवके रहित सूत्रोंसे पकड़कर रखनेवाले और दुसरोंकी क्षति निकालते हैं यह अयोग्य हैं। 'समदल' उपांगवाले प्रासाद के शिखरमें शिल्पिओंको कम तकलीफ पड़ती है। परन्तु 'हस्तांगुल' उपांगवाले प्रासादके शिखरमें तो शिल्पीकी सचमुच कसौटी होती है। उसकी कदर करने के बदले अल्पज्ञों क्षति निकालते हैं, यह दुःसह लगता है। अठारहवीं सदीमें हुए तीन पदपर तीन शिखरोंके पायचे-मूलकर्ण गर्भगृहके पाटके समसूत्रमें मिलाने की शिल्पियों की प्रथा उस समयमें थी। हस्तांगुल शिखरमें शृङ्गोंके निर्गम ऊरू शृङ्गों पर शृङ्ग मिलानेमें शिल्पिओंको मुश्केली आती है। यह सब कठिनाईयां बुद्धिमान शिल्पि मिलाके सुन्दर शिखर बनाते हैं।

१५. शिखरके ध्वजादंड को धारण करता हुआ ध्वजाधारध्वजाधार–कलाबा शिखरकी खड़ी सूल रेखाके उदयके छहवें भागमें उसके $\frac{1}{4}$ हीन करके उस स्थानमें करनेके लिये कहते हैं। ध्वजाधार का अर्थ ध्वजादंडको धारण करता आधाररूप कलाबा होता है, यह मेरा मंतव्य है। ऐसा बहुतसे पुराने शिखरोंमें पीछे होता है। किसी स्थानपर ध्वजापुरुष की आकृति भी देखनेमें आती है। इससे ये दोनों मतका परस्पर खंडन करनेवालों का वाद अयोग्य है। परंतु

शिखरके स्कंधसे नीचे ध्वजाधार कलाबा तो होना ही चाहिये। यह निःशंकता से मान्य करना ही चाहिये, उसमें वादको स्थान नहीं है। जो वहाँ दुराग्रह किया जाय तो वह अयोग्य है। शास्त्राधारको मानना ही चाहिये। शास्त्राधार हो वहाँ पुराने किसी स्थानके उदाहरण को प्रमाण नहीं माना जा सकता।

१६. **नागरादि शिल्पमें** शिखरके स्कंधके छः भाग विस्तारसे सात भागका आमलसारा विस्तार करनेके लिये कहा हैं। जो ध्वजाधार शिखरकी खड़ी मूल रेखाके उदयके २¾ भागपर स्कंधके नीचे रखनेके लिये कहा है। इस ओलंभेको देखनेसे आमलसारा के वृत्तसे ध्वजादंड बाहर निकल जाय यह स्पष्ट है। इससे ध्वजादंडको स्थिर रखने के तीन स्थानक ध्वजाधार—दूसरा स्कंध (बांधणाके पास) एक लाग-छीद्र पाडकर रखना। तीसरे आमलसारा की बाहर कलावा का घाट करके उसमें छिद्र करके उसमें ध्वजादंड खडा करनेसे कैसे भी झंझावातोंमें वह स्थिर खड़ा रह सके, यह रीत शास्त्राधार है।

आमलसारा में छिद्र करके ध्वजादंड खड़ा करनेकी प्रथा देढसौ—दोसौ सालसे है, यह बराबर नहीं है। 'क्षीरार्णव' अ. १३२ के श्लोक ११ से २४ तकमें इस सरवेध अर्थात् मस्तकमें वेध कहकर बहुतसे दोष दुष्ट फलदाता कहे हैं और स्कंध-वांध के ऊपर ध्वजदंड गाड़ने को भी वैसा ही वेधदोष कहा गया है।

ध्वजादंडकी लंबाईका जो मान कहा है वह ध्वजाधारमें बराबर से गिना जा सकता है, परंतु जो आमलसारा में ध्वजादंड गाढ़ा जाय तो उसे साल रखना पडे और वह शिखरके प्रमाणसे बहुत ऊँचा दंड होवे ! यह झूठा है। शास्त्रोंमें ध्वजादण्ड को साल रखनेके लिये कहा नहीं है। आमलसारा में उसे गाड़ना होता तो सालका निर्देश उसमें होता।

आमलसारा में ध्वजादण्ड स्थापन करने का दुराग्रह रखनेवाले शिल्पियों जो पुराना काम हुआ हो उसका उदाहरण देकर अपने मतका समर्थन करते हैं परंतु यहाँ शास्त्राधारके स्थान प्रणाणसे अन्य मार्ग असत्य है।

१७. **ध्वजादण्डके साथ स्तंभिका खडी करनेके लिये** कहते हैं। अपराजित कार और क्षीरार्णवकारने स्तंभिकाको कितनी ऊँची करना ? कैसी करना ? उसके शिरपर क्या करना ? वगैरह विगतसे प्रमाण दिया हुआ है और स्तंभिका को दंडके साथ गज गजपर मजबूत त्रांबेकी पट्टीयां बाँधों, बाँधनेके लिये कहा है। आमलसारेमें दंड रखनेके मतावलंबीओं स्तंभिकाको निरर्थक मानते हैं। दंडको

स्थिर करनेमें वह वह बल नहीं दे सकता है। ऐसी दलीलें करके स्तंभिका की अगत्यको नहीं स्वीकारते हैं। उपरोक्त शास्त्रीय पाठोंके मतका समर्थन करनेवालों के बुजर्गोंने डेढसौ साल पहले जो किया हो उसके प्रमाणरूप देते हैं। परंतु सज्जनोंके लक्ष्यमें सत्य हकीकत समजमें आवे तब वे आगेकी क्षतियों को सुधारें और सत्य मार्गका अवलंबन करें।

१८. **प्रासाद पुरुष** की सुवर्णमूर्ति आमलसारामें स्थापन करनेके लिये कहा है। उसके बायें हाथमें तीन शिखाओंवाली ध्वजापताका धारण करने के लिये कहा है। उसे कई शिल्पीओं त्रिपताकका अर्थ पताका-ध्वजाके बदले मुद्रा मानते हैं। परंतु सामान्यतया शिल्पीओं पताकाका अर्थ ध्वजा करके वैसी आकृति की सुवर्णमूर्ति जो प्रासादके प्राणरूप है उसे स्थापन करते हैं।

१९. **पताका-ध्वजा कैसी करना ?** उस विषयमें शिल्पग्रंथोंमें बहुत स्पष्टता से कहा है कि पताका-ध्वजादंड के बराबर लम्बी और उसके $\frac{1}{८}$ भागकी चौडी चोरस करना। लटकते सिरे को तीन या पाँच शिखाग्र करना! कई ब्राह्मण विद्वानों पताका त्रिकोण होती है और पताका दंड के उदयमें रखना वैसी मान्यता रखते हैं। परंतु उपरोक्त रीतसे शिल्पशास्त्रों के आधारको मान्य रखा जाय तो त्रिकोण पताका का स्थान नहीं रहता है। वे अन्य अशास्त्रीत्र रीतसे किये हुए परंपरागत पताकाओं के उदाहरण देते हैं, परंतु वह सत्य नहीं है। विद्वान भूदेवों को उनके मतानुसारका शास्त्रीय पाठ प्रासादकी पताकाका दिखाने का आग्रह करनेसे उन्होंने यज्ञयागादि क्रियाके या उसके मंडप परकी ध्वजाओं का पाठ बताया। अमुक दिशामें अमुक वर्णकी त्रिकोण ध्वजा का प्रमाण है, परन्तु प्रासादके शिखरको वह सूत्र लागु नहीं होता है, तो भी किसी बिद्वान आचार्य इस विषयमें प्रकाश देंगे वैसी आशा हम रखते हैं।

२०. **राजस्थानमें शिखर पर** पाषाणके कलशके स्थानपर तांबेके या सुवर्ण के पतरेका कलश पोला बनाकर उसमें घी भरते हैं, परन्तु सिर्फ पतरेका कलश कर चढानेकी रीत झूठी है। राजस्थानमें बहुत करके इस प्रथाको मानने वाले विशेष हैं। पतरेके कलशका बिधान झूठा है। पाषाणका ही कलश करके उसका विधिसर अभिषेक पूजन करके रखना चाहिये। बादमें उसके पर सुवर्णके पतरेका कलश चढानेमें हरकत नहीं है। ध्वजादंड काष्टका ही होंना चाहिये-मगर अब पाईप दण्ड बनाते हैं, ये ठीक हे लेकिन पाईपके अंदर सळंग एक काष्टका तो दण्ड रखना ही चाहिये-अन्यथा गलत है!

५

२१. अठारहवीं सदीमें मूर्तिभंजक विधर्मियोंका भय दूर होनेसे गुजरात, सौराष्ट्र, कच्छ, राजस्थान वगैरहके जैन संघोंने भयसे भंडारी हुई हजारों मूर्तियों को बाहर निकाला इससे अधिक मूर्तिओं को बिठाया जा सके वैसे तीन पदके गर्भगृह करनेकी आवश्यकता समयानुकूल उत्पन्न हुई। प्रत्येक गाँबके जैन संघने वैसे मन्दिरों पर तीन शिखरों बनवानेका आग्रह रखा! उस कालके शिल्पियों को समयानुकूल वर्तन करने पर बाध्य होंना पड़ा। इससे अठारहवीं सदीसे ऐसे तीन पदपर तीन शिखरोंवाले हजारों मन्दिरों हरेक गाँवमें हुए। पालीताणा शत्रुंजय पर उस कालमें हुई टुँकोंके कई सौ मन्दिरों भी ऐसे ही प्रकारके हुए हैं। सामुहिक सर्वमान्य रीतसे इस अपवादको स्वीकारना पडा, परन्तु वह झूठा है यह कहते पहले सोचना चाहिये। वर्तमानकालमें ऐसे तीन पदवाले गर्भगृह करनेके हो तब अभी-चाहे एक शिखर करे या पाँच पदपर तीन करे परन्तु डेढसे-सौ साल पहलेके ऐसे मन्दिरोंको दोषित नहीं कहना चाहिये।

कईवार मूलपाठोंका अर्थ करनेमें मतभेद होता है। कईवार मूलपाठ और क्रियाकी भिन्नतासे ऐसा होता है। परन्तु विद्वान पुरुषों अपने मतका दुराग्रह नहीं रखते हैं। किसी भी कालमें क्रियाका भिन्न अर्थ करके कार्य हुआ हो ऐसा हो सकता है। तब वे सब मन्दिर झूठे हैं, यह कहना अतिशयोक्ति है, सोच समजसे निर्णय करना।

क्षीरार्णव

क्षीरार्णव ग्रंथके संशोधन के लिये हमारे हस्तलिखित ग्रंथसंग्रह की करीब छ-सात प्रतियाँ वि. सं. १८१० से १९०३ तकके समयमें लिखाई हुई है और रोयल एशियाटिक सोसायटी की बॅाम्बे ब्रांचकी लाईब्रेरीकी पुस्तककी शके १८१८ की प्रत, (३) बरोड़ा प्राच्य विद्यामन्दिर की प्रत परसे लिखी हुई कॅापी और गुजरातके शिल्पी श्री नटवरलाल मो. सोमपुरा की और वि. सं. १७१० के अंदाजकी प्रत-इन सब प्रतोंका मिलान करके हो सके इतना क्रमबद्ध संशोधन करनेका मैंने प्रयत्न किया है। सौराष्ट्रके सोमपुरा शिल्पीयों की कुछ प्रतें मैंने पहले प्राप्त की थीं, वे मेरे ग्रंथसंग्रहसे अधिक नहीं थी, और बहुत कम भिन्न थी और १०१ अध्यायसे १२० वें अध्यायके ९३ वें श्लोक तककी अपूर्ण प्रतें प्राप्त हुई थीं, कुछ तो इससे भी कम अध्यायोंवाली प्रतें भी मिली थी।

मूल ग्रंथके आगेके ९८ अट्ठानवें अध्यायों लुप्त हैं और अध्याय १२० के बादको ग्रंथ-विस्तार कितना है यह नहीं प्राप्त हुआ। गुजरात सौराष्ट्रकी प्रतों १०१ अध्यायके कूर्म शिला प्रकरण से शुरू होती है परन्तु रोयल एशियाटिक

सोसायटी की पुस्तकोंमेंसे मुझे आगेका दो अध्याय, गणित विषयका और जगति लक्षणका प्राप्त हुई। कहते हैं कि मेवाड राजस्थानमें कोई सोमपुरा शिल्पी के पास ज्यादा विस्तारवाली प्रत हैं। दुर्भाग्यवशात् उसको प्राप्त नहीं कर सका हूँ।

संशोधन करते प्राप्त हुई प्रतोंकी (१) अशुद्धता (२) कुछ अध्यायोंमें अस्तव्यस्तता (३) एक विषय अपूर्ण छोड़कर दूसरे विषयोंके अशुद्ध पाठों आना (४) अध्याय ११२ में सिर्फ तीन ही अशुद्ध श्लोकमें दिया हुआ है, जिसका कुछ अर्थ प्राप्त नहीं होता है। (५) और स्तंभ, कुंभी, द्वार, शंखोद्वार-गर्भगृहके प्रमाण, स्वरूप, मंडोवरके साथ स्तंभके छोड़का समन्वय इन विषयोंकी प्राप्त हुई प्रतोंके अध्याय १०१, १११, ११७ और ११५ में आगे-पीछे या कम-ज्यादा या बारबार पाठो आता है, पुरानी शुद्ध प्रतोंके अभावसे ऐसी स्थितिमें ग्रंथको क्रमबद्ध करने की छुट लेनी ही पड़ती है। इसमें मैं तो क्या निष्णात और बड़े विद्वान भी क्या कर सकें ? वैसे समय सुज्ञ विद्वानोंका कर्तव्य छूट देनेका है। अनिच्छासे ऐसी छूटके लिये शिल्पज्ञाता विद्वानोंकी क्षमा चाहता हूँ।

अगर इस ग्रंथको अपूर्ण रखूँ ? क्षीरार्णवकी प्राप्त प्रतों इतनी अशुद्ध हैं कि कितने स्थानपर उनको मूल स्वरूपमें रखनेका कार्य अर्थहीन और मुश्किल था! तो भी उसको क्रमबद्ध करने का प्रयास किया है। तो भी मेरे अल्प प्रयत्नोंसे मैं शिल्पी समाज या उसके रसज्ञ विद्वान समाजके आगे कुछ इतना तो रखनेके लिये सौभाग्यशाली हुआ हूँ। इसकी कद्र होगी तो मुझे आत्म-संतोष मिलेगा।

निरन्धार प्रासादोंकी शैलीके नियमों शिल्पीवर्गमें कई लोगोंसे परम्परासे रूढ हो गये हैं। पिताके कार्यका अनुकरण उसका परिवार करे, इस तरहसे सैंकडों वर्षोंसे हुआ है। इससे शिल्पीवर्ग में कुछ निरक्षरता आने लगी। हस्तलिखित ग्रन्थोंकी अगत्यता कम मालूम समजनेसे, और ग्रंथकी प्रतोंमें अशुद्धि बढ़ती जानेसे और ग्रंथों-पिटारों के आभूषणरूप मिलकत गिने जाने लगे इससे पद्धतीपूर्वक अभ्यास बहुत अल्प सहस्रांश में होता था। विद्याके मर्म विस्मृत होते चले। सभाग्यसे सिर्फ सक्रिय ज्ञान रहा है। इसीलिये भारत का शिल्पीवर्ग अभी कुछ सजीव है ऐसा दिखता है।

निरंधार प्रासादों परंपरासे-रूढिसे शिल्पयों बाँधते रहे परन्तु भ्रमवाले सांधार महाप्रासादोंके स्थापत्यका अति दुर्घट ज्ञान और क्रिया छः सौ, सात सौ, सालसे विधर्मी राज्यभयसे बँधाये नहीं गये। इससे वैसे प्रकारका ज्ञान विस्मृत होता गया। वर्तमानमें श्री सोमनाथका सभ्रम महाप्रासादका निर्माण मेरे नेतृत्व

में हुआ। उसके कार्यारंभमें वैसे शिल्प साहित्यकी बहुत अगत्य मालुम हुई। सद्भाग्यसे हमारे भारद्वाज कुल परंपरामें ऐसे प्रकारके सांधार महाप्रासाद के विषयका ज्ञान–साहित्य श्री विश्वकर्मा की कृपासे रक्षित रहा था। इससे वैसा कठिन शिल्प-साहित्यको समझनेके लिये बहुत सरलता रही।

क्षीरार्णव ग्रंथमें निरंधार प्रासादोंके यम-नियमों हैं लेकिन विशेष कर वह सांधार महाप्रासादके विषय अधिक उपयोगी साहित्य है। सामान्य शिल्पी-वर्गको उपयोणी अध्यायों में थोड़ी अशुद्धि थी परन्तु जो प्रयोगमें कम है वैसे सांधार महाप्रासादोंके अध्याय बहुत अशुद्धियोंसे भरे हुए थे। इससे ग्रंथशुद्धिका कार्य कठिन बना था।

वृक्षार्णव ग्रंथ भी जितना छुटक छुटक अध्यायों प्राप्त हुआ हैं उसमें महा-प्रासादोंकी रचनाके पाठों, उनके यम नियमों दिये हुए हैं। जैसा कि ऊपर कहा है वह ग्रंथ व्यवहारमें वर्तमान कालमें न होनेसे उनकी प्रतों बहुत अल्प प्राप्त हुई हैं। यद्यपि वह ग्रंथ भी संपूर्ण मिलता नहीं है। उसकी स्थिति भी क्षीरार्णव जैसी है। उसका संशोधन मैंने यथामति प्रयत्नसे करीब तीस सालसे अनुवाद के साथ किया था परन्तु दूसरी प्रतोंके अभावमें उसका मिलान न हो सका था। वहाँ तक उसमें क्षतियाँ रहनेका भय बहुत रहता था। सुयोगसे मारवाड़ पालीकी और वि–सं. १७६८ की एक प्रति और पाटणकी छुटीछवाइ पाठोंवाकी प्रत उपरांत रोयल एशियाटीक सोसायटीकी प्रतके आधारपर अभी उसका संतोषप्रद संशोधन कर रहा हूँ। यह वृक्षार्णव–ग्रंथके प्रकाशनके लिये सुज्ञ विद्वानों और पुरातत्त्वज्ञों मुझपर स्नेहभावसे दबाब डाल रहे थे तो सद्भाग्यसे गुजरात की एक बड़ी मानवंती मातबर संस्था की तरफसे प्रकाशन के लिये कार्य होनेकी संभावना है। वृक्षार्णव ग्रन्थ अद्भुत है।

वृक्षार्णव ग्रन्थके संशोधनमें बहुत मुश्किल हैं, यह कार्य कठिन है तो भी उसको पूरा करनेका प्रयत्न कर रहा हूँ, जिसके अंग्रेजी संस्करणमें मेरे स्नेही श्री मधुसुदन अ. ढाकी मुझे सहायक हो रहे हैं।

शिल्प स्थापत्यका विषय हमारे कुल परम्परा का है। इससे परिवारिक संस्कार वारसेमें मिले यह स्वाभाविक है। कैलासवासी पूज्य पिताश्री और मेरे दो स्व. वडील बन्धुओं त्र्यंबकलालभाई और श्री भाईशंकरभाईने विद्या के संस्कार सींचे, मार्गदर्शन दिया। उनका ऋण मुझसे अदा नहीं हो सकता है। कनिष्ठ वडीलबंधु श्री रेवाशंकरभाई हमारी समस्त ज्ञातिमें ५० साल पहले प्रथम ग्रेज्युएट हुए थे। वे मेरे ग्रन्थ-प्रकाशनमें श्रम और अनुभवका लाभ हमेशां देकर

उपकृत कर रहे हैं। वडिलोंके ऋण स्वीकारको नोंध लेते मुझे आनन्द होता है। उनकी शुभाशिषों की कृपावर्षा हमेशां मेरेपर होती रहो ऐसी जगन्नियंता श्रीहरिके प्रति मेरी नम्र प्रार्थना है।

सुप्रसिद्ध श्री सोमनाथ महाप्रासादका निर्माण मेरे हाथोंमें होनेसे उसके ट्रस्टके कामकाजके बारेमें राजप्रमुख श्री नामदार स्व. जामसाहब, सर दिग्विजय सिंहजी साहब और महाराज्ञी वर्तमान राजमाता नामदार गुलाबकुंवरबा साहेबाके परिचय में अवारनवार आनेका प्रसंग होता था। वे नामदार शिल्प के प्राचीन अमूल्य विद्या और साहित्य के प्रकाशन के लिये मुझे प्रोत्साहन देते थे और वर्तमान नामदार राजमाता साहेबा शिल्पका अभ्यासक्रम योजकर उसका क्रियात्मक ज्ञान मिले वैसी पाठशालएँ स्थापकर शिल्पी विद्यार्थीओंको तैयार करनेके लिये मुझपर बहुत दबाव डाल रहे हैं। विद्यार्थीका सर्वप्रकार के आर्थिक बोझा उठाने की व्यवस्था भी कर रही हैं। यह उनका विद्या-कलाके प्रति प्रेम हैं। इस ग्रन्थ-प्रकाशनके लिये मैं उन नामदारोंका ऋणी हूँ।

गुर्जर साहित्यकी अस्मिताके प्रकटकर्ता उत्तर प्रदेशके भूतपूर्व गवर्नर श्रीमान् कन्हैयालाल मा. मुन्शीजी जो हालमें सोमनाथ ट्रस्टके प्रमुखश्री हैं। वे मेरे प्रति सदा सद्भाव बता रहें हैं, उन्होंने ग्रंथका पुरोवाचन लीखनेकी कृपा की है, इसलिये मैं उनका उपकृत हूँ।

श्रीमान् श्रीगोपालजी, नेवटियाजी, शेठजी, शिल्प-स्थापत्य कला प्रति और हमारे परिवार प्रति हमेशां प्रेम और आदर रखते हैं। उन्हीसे श्री बिरला परिवारके संसर्गमें आनेका प्रसंग रहता है। शिल्प-स्थापत्य कला साहित्य के प्रकाशन के लिये हमेशां प्रोत्साहन देते रहते हैं।

प्रीन्स ऑफ वेल्स म्युझियमके डायरेक्टर, पुरातत्त्वके प्रखर विद्वान पुरातत्वज्ञ डॉ. मोतीचन्द्र भाईसाहबने समय और श्रम लेकर यह ग्रन्थकी भूमिका लिखी है इसलिये मैं उनका हृदयपूर्वक आभार मानता हूँ।

क्षीरार्णव ग्रंथके संशोधन कार्यमें व्याकरण शुद्धिकी क्षतियाँ विद्वानों को मालूम पड़ेगी लेकिन वास्तुशास्त्र के ग्रंथोंकी भाषा ही वैसी निराली है। मूल संस्कृतमेंसे प्राकृत, मागधी, पाली वगैरह भाषाएँ उत्पन्न हुई। इस तरह वास्तु-शास्त्रके ग्रन्थोंकी भाषा ही वैसी है। एक विद्वानने संस्कृत पदमें कहा है,

ज्योतिषे तन्त्रशास्त्रे य विवादे वैद्यशिल्पके
अर्थमात्रं तु गृहणीयान्नात्र शब्दं विचारयेत्।

"ज्योतिष, तंत्रशास्त्र, विवाद, आयुर्वेद और शिल्प ग्रन्थोंमें उनकी भाषाके शब्दोंका बहुत विचार न करते उनके भावार्थको ग्रहण करना।" सुज्ञ पुरुषों व्याकरणादि क्षतियोंके प्रति उपेक्षा कर हंसवृत्ति धारण करेंगे ऐसी मेरी प्रार्थना है।

इस ग्रन्थका यथायोग्य अनुवाद किया गया है, परन्तु जहाँ जहाँ अस्पष्ट पाठों हों या जहाँ शंकाओं या अपूर्ण पाठों हों वहाँ भावार्थ दिया है। कई स्थलोंपर असंबद्ध पाठों या अति अशुद्धि के कारण अनुवाद करनेका अशक्य हुआ है। वैसे पाठभेदों की स्पष्टता मिलते ही वहाँ योग्य सुधारके लिये अवकाश है। मैं नहीं कह सकता हूँ कि मेरा अनुवाद क्षतिरहित है, अपूर्णता और अशुद्धिसे आई हुई क्षतियोंके लिये उदारभावसे विद्वान महाशयों क्षमा करें।

क्षीरार्णवके प्रारम्भके ९८ अध्यायों की अपूर्णता के कारण प्राप्त ग्रन्थों के अध्यायों के एक साथ क्रमांक, अध्याय संख्या सुगमताके लिये रखे गए हैं।

ग्रन्थके भाषानुवाद के साथ प्रत्येक अंगकी टीका और अन्य ग्रंथोंके मतान्तर की नोंध दी हुई हैं। ग्रन्थ-वांचन से अर्थ नहीं सरता है। क्रियात्मक ज्ञान (प्रेक्टीकल) का मर्म देनेसे ग्रन्थ संपूर्ण बनता है। उसके साथ कोष्ठकों अनेक आलेखनो, नकशे और चित्रों भी इसी विषयोंको स्पष्ट करनेके लिये जरूरी हैं। वे और अन्य प्राचीन ग्रंथोंके अवतरण भी दिये गए हैं। ग्रंथको अधिक समृद्ध बनानेके लिये यथामति प्रयास किया है। मेरे प्रयास की कद्र विद्वान वाचक करेंगे ऐसी आशा रखता हूँ।

वंशपरम्परा के व्यवसाय में मेरा ज्येष्ठ पुत्र श्री बलवंतराय और पौत्र श्रीचन्द्रकांत यह शिल्प-स्थापत्य व्यवसायमें जुड़ायें हैं वो कुलपरम्परा को समृद्ध करेंगें यही प्रभु प्रार्थना है। दूसरा पुत्र विनोदराय एम. ई. अमेरिका सीवील एन्जिनीयर है। श्रीहर्षदराय बी. ए. एल. एल. बी. अहमदाबाद हाईकोर्ट एडवोकेट है। श्रीधनवन्तराय बी.ए. एल. एल. बी. बेंक व्यवसायमें हैं।

क्षमायाचना—एक विद्वान कहते हैं, "कविकी जिह्वामें और शिल्पीयोंके के हाथोंमें सरस्वती बसती हैं" शिल्पीकी बानी-भाषामें व्याकरणकी त्रुटियाँ सहज ही हों उनके प्रति उपेक्षा दिखाकर ग्रन्थके मूल अर्थ-भावार्थको विद्वानों ग्रहण करेंगे ऐसी मेरी प्रार्थना है।

ग्रंथका हिन्दी अनुवाद श्री जयेन्द्रकुमारमाणेकलाल शाह, एम. ए. "राष्ट्र-भाषा रत्न" ने श्रम लेकर सुन्दर किया है और ग्रन्थका सुन्दर और स्वच्छ छपाईकाम अहमदाबादके नवप्रभात प्रेसमें उसके प्रोप्रायटर श्री मणिलालभाई और

प्रेस स्टाफके हेड श्री शंकरसिंहजीने श्रम लेकर किया है। ग्रंथमें आये हुए कई ब्लोकका सुन्दर काम कर प्रोग्युलर प्रोसेस स्टुडियोने ग्रंथको सुन्दर आकर्षक बनाने का यथाशक्ति प्रयत्न किया है, इन सभी मित्रोंकी सहर्ष नोंध लेकर आभार मानता हूँ।

ग्रन्थमें आये हुए कई ब्लोकके आलेखन सौराष्ट्र गुजरातके प्रख्यात युवान शिल्पकार श्री चन्दुलाल भगवानजी और अभी प्रभासपाटण सोमनाथजी के कार्य पर है वे मेरे भानजे शिल्पकार श्री भगवानजी मगनलालने भी अन्य आलेखादि कार्यमें–दोनों मुझे सहायक हुए हैं। इस बातका सहर्ष उल्लेखकर आभार मानता हूँ।

सर्वेत्र् सुखिनःसन्तु सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चं दुःखमाप्नुयात् ॥

इति शुभं भवतु, श्री कल्याणमस्तु।

वि. सं. २०२३ वैशाख शुदी त्रीज,
अक्षयत्रतीया
पालीताणा ता. १२, मी मे सन १९६७

स्थपति प्रभाशंकर ओघडभाई सोमपुरा
शिल्प–विशारद

भूमिका

डॉ. मोतीचन्द्र, (एम्. ए., पीएच्. डी. (लण्डन)
डायरेक्टर, प्रिंस ऑफ वेल्स म्यूज़ियम, बम्बई.

क्षीरार्णवके टीकाकार **श्री. प्रभाशंकर ओघडभाई—सोमपुरा भारतीय स्थापत्य शास्त्रके उन इने गिने विद्वानोंमें है। जिन्होंने अपनी कुलगत परंपरा और संस्कृतमें लिखित वास्तुशास्त्रकी चर्चा और अध्ययनको एक नया रूप दिया है।** यह तो प्रायः सभी विद्वान मानते हैं कि स्थापत्य शास्त्रकी पुस्तकोंमें अनेक असंबद्ध विस्तार होने पर भी उनमें सत्यका अच्छा खासा अंश है। जिसका वास्तविकतासे नजदीकका संबंध है। पर उस वास्तविकता को पकड़में लानेके लिये मध्यकालीन वास्तुशास्त्रकी परिभाषिक शब्दावली तथा उपलब्ध देवमंदिरोंके अवयवोंसे उसकी तुलना केवल श्री सोमपुराजी जैसे विद्वानोंके बसकी ही बात है। सच बात तो यह है, श्री सोमपुराजीने मध्यकालीन वास्तुशास्त्र अध्ययनके लिए हमारे सामने एक दृष्टिबिंदु रखा है जिसे ध्यानमें रखकर चलनेसे यह पता चलता है कि देवालयोंके जो नकशे, अवयव तथा अलंकार हमारे सामने आते हैं उनमें सार्थकता है और उनकी कृति वास्तुशास्त्रके उन सिद्धांतों पर आश्रित है जिनका क्रमिक विकास हुआ है। इसमें सन्देह नहीं कि मध्यकालीन वास्तुशास्त्रके अनेक अभिप्राय समायान्तरमें रुढ़िगत होकर अपनी नवीनता खो बैठे, पर यह बात केवल वास्तुशास्त्रों तकका सीमित नहीं थी। मध्यकालीन भारतीय संस्कृतिके अनेक उपादानोंमें भी हमें यही बात दीख पड़ती है।

शास्त्ररूपमें वास्तुविद्याका उदय कब हुआ, यह कहना तो संभव नहीं है। फिर भी प्राचीन साहित्यमें वास्तु संबंधी चाहे वह दैविक हो या नागरिक अनेक उदाहरण मिलते हैं। वैदिक साहित्यसे ऐसे उदाहरणोंका संग्रह श्री. सुविमलचन्द्र सरकारने अपनी पुस्तक **“सम ऑसपेक्टस् ऑफ दी अर्लियेस्ट सोशियल हिस्ट्री ओफ इंडिया”** में कर दिया है। वैदिक शास्त्रोंमें वास्तुशास्त्र संबंधी शब्द सीधे सादे हैं। पर वास्तुका जीवनसे इतना निकटका संबंध था कि वास्तु संबंधी प्रक्रियायोंके लिए वास्तुयाग और वास्तुनरकी कल्पना की गई। आश्वलायन (४/२/६/१३) गोभिल (४/८) तथा आपस्तंब (६/१६) गृह्यसूत्र तो भूमि शोधन संबंधी नियमोंका विवेचन करते हैं, तथा वास्तुशांतिका उल्लेख करते हैं। ऋग्वेदमें वास्तोत्पति शायद वास्तुके अधि देवता थे, जो गृह्यसूत्रोंमें वास्तुपुरुष हो गये। सूत्रोंके आधार पर यह कहा जा सकता है कि एक मध्य स्तंभका आधार मानकर ही गृहकी रचना होती थी।

सुप्रसिद्ध सोमनाथजी के मंदिरमें भारत के राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णजी और
स्थपति प्रभाशंकर सोमपुरा शिल्पविशारद

शिल्पविशारद् श्री प्रभाशंकरजी सोमपुरा के अपना सुपुत्र शिल्पज्ञ श्री बलवंतराय (आर्चिटेक्ट.)
ओरिस्सा के सुप्रसिद्ध कोनार्क सूर्यमंदिरका प्लींथमें रथचक्र के पास.

प्राचीन बौद्ध साहित्य (ए. सी. कुमारस्वामी। अर्ली इन्डियन आर्किटेक्चर, ईस्टर्न आर्ट १९३०-१९३१) तथा जैन साहित्य (डॉ. मोतीचन्द्र, आर्किटेक्चरल डेटा इन जैन केनोनिकल लिटरेचर, जर्नल एशियाटिक सोसायटी, वाल्युम २६ भाग २. १९५१) के आधार पर हम ईसापूर्व तथा ईसाकी आरंभिक सदियोंमें भारतीय वास्तु पर प्रकाश डाल सकते हैं। पर वास्तु संबंधी इन साहित्यिक उदाहरणों का सीधा सम्बन्ध या तो स्तूप, चैत्य, तोरण, वेदिकाकी बनावटोंसे अथवा प्रासाद और नगरकी रचना और नकशोंसे है। इन उदाहरणोंका संबंध ईसा पूर्व दूसरी सदीसे लेकर ईसाकी २-३ सदी तकके स्थापत्यसे है।

वास्तुशास्त्र संबंधी जो परिभाषाएँ हमें इस युगमें मिलती है, उनका संबंध अधिकतर काष्ठ निर्मित स्थापत्यसे है। उस युगके जो चैत्य और विहार लेणों बच गई है। उनके नकशे भी काष्ठसे बने आरामों तथा प्रासादोंसे लिए गए है। जिन देवमंदिरोंकी कल्पना मध्यकालमें हुई उनका इस युगमें पता न था। जो परिभाषाएँ अपने युगमें पूरी सार्थक थीं, बादमें चलकर जब वास्तुकलामें पत्थर और ईंटोंका प्रयोग होने लगा वह अपने अर्थ खोने लगीं, और गुप्त युगमें उन नई परिभाषाओंका जन्म हुआ जिनका तत्कालीन स्थापत्यसे काफी संबंध था। इन परिभाषाओंका कालान्तरमें संग्रह कर लिया गया होगा और इस तरह वास्तुशास्त्रका जन्म हुआ।

अब प्रश्न उठता है कि क्या गुप्त युगके पहले भी लिखित रूपमें वास्तुशास्त्र था अथवा नहीं। तत्कालीन साहित्यमें वास्तु संबंधी शब्दोंका खुल-कर प्रयोग होनेसे तो ऐसा पता चलता है कि कुछ ग्रंथ जिनका अब पता नहीं है, ऐसे रहे होंगे जिनमें तत्कालीन वास्तु और उसके अवयवोंका वर्णन रहा होगा। ऐसा लगता है कि ३-४ सदीमें मंदिरोंकी बनावटमें कुछ खोज-बीन आरंभ हो गई थी। कमसे कम रायपसेणिय सूत्रसे पता चलता है कि यान-विमानकी जो राजमहल अथवा देवमंदिरका ही प्रतीक था बनावट कुछ अधिक अलंकृत होती। इसके स्तंभोंकी सजावट लीलामयी शालभंजिका तथा ईहामृग, वृषभ, गंधर्व, मकर, विहग, व्यालक किन्नर, शरभ, कुंजर, वनलता तथा पद्मलता इत्यादि अभिप्रायोंका प्रयोग हुआ है। स्तम्भकी वज्रवेदिका पर विद्याधर युगल उत्कीर्ण होते थे, तथा उनकी सज्जा घंटियोंके जालसे होती थी। यान-विमानके तीर और सीढ़ियाँ होती थी, जिनके अवयवो यथाणेमा, स्तम्भ फलक;— सूची, संधि तथा अवलंबन बाहुका उल्लेख है। यान-विमानके तीन तरफ तोरण होते थे जिनकी ऊपरी शलाका, स्वस्तिक, श्रीवत्स, नंद्यावर्त, वर्धमान भद्रासन, कलश, मत्स्य और कलशसे सजा होती थी। तोरण स्तंम्भमें निशीदिकाएँ होती

थीं, जिनमें नागदंतोसे किंकिणी घंटाजाल तथा चित्रविचित्र सूत्रमालाएँ लटकी होती थी। कुछ निशीदिकाओंमें शालभंजिकाएँ बनी होती थीं। द्वार, तोरण, स्तम्भ तथा प्राकारकी बनावटमें जाल कटक, प्रासादावतंसक, शिखर, जालिका, तिलक, अर्धचन्द्र, पद्महस्तक, तुरग, मकर, किंपुरुष, गंधर्व, वृषभ, मिथुन, संघाट, इत्यादिका भी स्थान होता था।

पर गुप्त युगमें वास्तुकलाने एक दूसरा ही रूप ग्रहण किया। उस युगके साहित्यमें वास्तुविद्या संबंधी शब्दोंका खुलकर प्रयोग हुआ जिसके आधार पर यह कहा जा सकता है, कि गुप्त युगमें वास्तुशास्त्रका प्रणयन हो चुका था। तथा कमसे कम नागरिक वास्तुकला अपनी काफी परिष्कृत रूपमें प्रकट हो चुकी थी। इस युगमें देवमंदिरोंका सीधासाधा आकार हमारे सामने आ चुका था जिसमें स्थापत्य, मूर्ति तथा अभिप्रायका एक अपूर्व संतुलन था। पर जैसे जैसे मंदिरोंकी बनावट पेचीदा होती गई, वैसे ही वैसे स्थपतियों और सूत्रधारोंको स्थापत्यके बहुतसे प्रश्नों पर विचार करना पड़ा, जिसके फलस्वरुप गणित तथा ज्यामितिक आधारों पर भारी भारी प्रस्तर शिलाओंको लगानेके तरकीबोंका समाधान हुआ। वास्तुशास्त्रके विकासके साथ ही साथ उसके पारिभाषिक शब्दोंका भी क्रमशः विकास हुआ और मंदिरके अवयवों और अलंकारोंके लिये भी शब्द स्थिर हुए। वराहमिहिरने बृहत्संहिता ५६/१५ में लिखा है।

शेषं माङ्गल्यविहगैः श्रीवृक्षैः स्वस्तिकैर्घटैः
मिथुनैः पत्रवल्लीभि प्रमथैश्चोपशोभयेत् ॥१५॥

इसके पहले श्लोकमें द्वारके दोनों द्वारशाखामें द्वारपालोंका उल्लेख है। माङ्गल्यविहग, श्रीवृक्ष, स्वस्तिक, कुंभ, मिथुन (स्त्री-पुरुष युग्म), पत्रवल्ली और प्रमथ तो गुप्त युगके वास्तु-अलंकारकी विशेषता है हीं, और इस युगके मध्यप्रदेशके गुप्त मंदिरोंमें पाए जाते हैं। इन अलंकारोंका प्रयोग कुषाण युगमें भी होने लगा था, पर इनका परिष्कृत प्रयोग गुप्त युगमें ही हुआ।

अब एक प्रश्न उठता है कि गुप्तकालके मंदिरों पर बनी हुई गंगा यमुनाकी मूर्तियोंका जिसका कालिदासने **यथार्ते च गंगे यमुने तदानी स चामरे देवमसेविषाताम्।'** कुमारसंभव, ७-४२ में उल्लेख किया है। बृहत् संहिताने क्यों छोड़ दिया है? इसका कारण वही हो सकता है कि, तवतक गंगा यमुनाकी मूर्तियोंका तत्कालीन वास्तुमें सम्मत प्रयोग न रहा हो। पर चन्द्रगुप्त द्वितीयके समयमें श्यामिलक द्वारा विरचित पादताडितकम् (डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल डॉ.मोतीचन्द्र, चतुर्भाणी, पृः २१२) से तो पता चलता है कि

गुप्त युगमें गंगा–यमुना संज्ञक मंदिर बनने लगे थे। इलोराके कैलासके एक भागमें ऐसाही मंदिर है। पादताडितकम् में (पृ. १७१–७२) देश के महलोंके वर्णनमें एक परिभाषिक शब्दोंकी लंबी तालिका यह बतलाती है कि, इस युगमें भी नागरिक वास्तुशास्त्रकी परिभाषा काफी प्रचलित हो चुकी थी—विट कहता है–

"मैं वेशमें पहुँच गया। अहा, वेशकी वैसी अपूर्व शोभा है। यहाँ अलग अलग बने हुए वप्र (मकानकी कुर्सीका ऊँचा चेजा), नेमि (दीवारोंकी नींव) साल (परकोटा), हर्म्य (ऊपरी तलके कमरे), गोपानसी (खिड़कीकी चोटी), वलभीपुट (मंडपिका और उसकी उभरी छत), अट्टालक (अटारी), अवलोकन (गोख), प्रतोली (पौर), तथा विटंक (पक्षियोंके लिए छतरी) तथा प्रासादों से भरे हुए चौड़े चौक वाले तथा कक्ष्या विभाग में बंटे हुए, सुनिर्मित, जलपूर्ण परिखाओं से युक्त, छिड़काव से सुशोभित, नलकी फूंक से साफ किए हुए (सुषिर फूत्कृत), उत्कोटितलिप्त (टपरियाका पलस्तर किए हुए), लिखित (चित्रकारी किए हुए), स्थूल और सुक्ष्म नकाशियों से सजाए हुए (सूक्ष्म विविक्ता रूपशत निबद्धानि). बंध–संधि, द्वार, गवाक्ष वितार्दि (वेदिकाका चबुतरा), संजवन (चतुःशाल घरका बडा चौक) तथा वीथी और निर्यूहों (निकली हुई वेदिकाओं वाले छज्जो) से संयुक्त थे...."।

इस तालिका में शिखर शब्द उल्लेखनीय है। लगता है गुप्त युगमें किसी न किसी रूपमें शिखर प्रचलित हो चुका था, पर इसका पूर्ण विकास मध्यकाल ही में हुआ। इस बातकी बड़ी आवश्यकता है कि साहित्य में बिखरे हुए वास्तुशास्त्रकी परिभाषाऐं इकट्ठी की जायँ क्यों कि साहित्यकारों द्वारा इन शब्दोंकी परिभाषाएं निखरी हुई होती हैं तथा स्वकालीन वास्तुका जीवित चित्र खींच देती हैं। ऐसे जीवित चित्र हमें वास्तुविद्या संबंधी ग्रंथोंमें भी नहीं मिलते क्यों कि उनमें शास्त्रीय पक्ष पर ज्यादा ध्यान दिया गया है और व्यावहारिक पक्ष पर कम। इस दिशामें डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल का प्रयत्न स्तुत्य था; पर अब वे नहीं रहे। इस लिये यह आवश्यक है कि संस्कृत–प्राकृत–अपभ्रंश और प्रादेशिक भाषाओंके साहित्यकी पूरी तरह से खोज बीन करके वास्तुविद्या संबंधी शब्द इकट्ठे किये जायं। इससे दो लाभ होंगे। पहला तो यह कि वास्तुशास्त्रमें वर्णित पारिभाषिक शब्दोंकी टीकाके रूपमें ये काम देंगे और दुसरी और वे हमें यह भी बताऐंगे कि उन शब्दों के प्रयोग के अर्थ एकसे रहे हैं अथवा बदले भी हैं।

प्राचीन शिल्पशास्त्रोंका अध्ययन करना उतना आसन नहीं है जितना कि समझ लिया जाता है क्योंकि न केवल शिल्प संबंधी ग्रंथोंकी भाषा ही दुरूह है परंपरा नष्ट हो जानेसे उनका ठीक ठीक अर्थ भी नही लगता। उन पर टीकाएं भी उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उनके समझने में कुछ सहारा मिल सके। उदाहरणार्थ डॉ० आचार्य "मानसार" को वास्तुविद्याका आदिम स्रोत मानते

हैं और उनका विश्वास है कि जो कुछ भी सामग्री उसमें सुरक्षित है, वह प्राचीन और विश्वसनीय है । पर दूसरा मत है कि मानसारकी सामग्रीका संग्रह बहुत बाद में दक्षिण भारत में हुआ और इसमें भी अधिक सामग्री केवल शास्त्रीय है जिसका वास्तविकता से संबंध नहीं है । वास्तव में वास्तु-विद्याकी खोज परख से यह पता चल जाता है, कि उत्तर और दक्षिण भारत में वास्तुकी परिवृद्धि अपने ढंगसे हुई क्यों कि इनके विकास में बहुत कुछ समानताएं भी हैं । अब समय आ गया है कि उत्तरी और दक्षिणी शैलियोंका संश्लेषणात्मक विवेचन करते हुए यह दिखलानेका प्रयत्न किया जाय कि किन सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक तथा भौगोलिक परिस्थितियों के कारण उत्तर और दक्षिण भारत के वास्तु में अंतर आया तथा भाषाओंकी भिन्नता होते हुए दोनो की परिभाषाओं में कितनी समानता है ।

पर जिस तरह के अध्ययनकी ओर मैंने इशारा किया है वह तक संभव नहीं जब तक श्री सोमपुराजी ऐसे विद्वान जिनका परंपरासे सीधा संबंध रहा है इस कामको अपने हाथमें न लें क्योंकि विश्वविद्यालयों से निकले विद्यार्थी जिन्होंने प्राचीन भारतीय वास्तुशास्त्र लिया है न तो वे संस्कृत जानते हैं न उन्हें परंपरागत वास्तुकलाका ही ज्ञान होता है । श्री० सोमपुराजी द्वारा "क्षीरार्णव" के अध्ययनसे यह बात स्पष्ट हो जाती है । इस ग्रंथकी भी भाषा समझकर उसका ठीक ठीक अर्थ करना तथा तत्कालीन मंदिरोंके अवयवोंसे उस परिभाषाकी तुलना करना उन्हींका काम है । ग्रंथके संपादनमें पग पग पर उनकी अध्ययनशीलताका पता लगता है । अनेक स्थलों पर रेखा चित्र तथा नकशोंने तो सोने में सुहागेका काम किया हैं । ऐसे अपरिचित कामको हाथमें लेनेमें विद्वान लेखकको किन किन कठिनाइयोंका सामना करना पड़ा होगा वे ही जानते हैं । पर वे इस कहावतके कायल है । प्रारभ्य चोत्तमजनाः न परित्यजन्ति । अंतमें श्री० सोमपुराजी का ध्यान एक बातकी ओर दिलाना चाहता हूं । ग्रंथोंमें अनेक परिभाषाएें आई है । उनका बहुधा आपसमें सामंजस्य नही मिलता । प्राचीन मंदिरोंके अवयवोंके निश्चित परिभाषाओं के लिये यह आवश्यक है कि शब्दों में एकरूपता लाई जाय । मेरा यह भी सुझाव है कि भारतीय वास्तुकोशका संकलनका भी आरंभ कर दिया जाय । ऐसे कोशके लिए वास्तुशास्त्रके ज्ञाताओं, पुरातत्वज्ञविदों तथा धर्म और समाज शास्त्रोंका सहयोग आवश्यक है । सुना है कि बनारसकी अमेरिकन एकेडेमी इस ओर प्रयत्नशील है । विद्वानों को चाहिए कि इस कार्यमें एकेडेमी का हाथ बटावें ।

प्रिन्स ऑफ वेल्स म्यूजियम,
बंबई-१ ता. ३-४-६७

मोतीचंद्र

आमुख लेखक—माननीय श्री कनैयालाल मा० मुनशीजी

उत्तर प्रदेशके भूतपूर्व-गवर्नर, गुजरातके ज्योतिर्धर, गुजराती साहित्यमें अस्मिता प्रकटकर्ता

भाइ श्री प्रभाशंकर—ओघडभाइ सोमपुरा अपने भारतके एक सुप्रसिद्ध स्थपति और शिल्पके ज्ञाता हैं। स्थापत्य और शिल्पके बडे जानकारी सोमपुरा परिवारके वंशानुवंश वारसामें मीली है। पुराण प्रथित भृगु ऋषिके भानजा और प्रभासके पुत्र देवोंका स्थपति श्रीविश्वकर्मा ज्यों भारतके आद्य विख्यात स्थपति थे। यह सोमपुरा परिवार के मूलपुरुष गिना जाता है। और सोमपुरा वंशके उत्पत्ति क्षेत्र प्रभासपाटन गिना जाता है। यह वंशके महापुरुषोने गुजरात, राजस्थान, मेवाडमें मंदिरोका शिल्प स्थापत्यके निर्माणमें महत्वपूर्ण हीस्सा दीया है।

भाइ श्री प्रभाशंकरजी सोमपुरा भगवान श्री सोमनाथके नवनिर्मित महाप्रासादके प्रमुख स्थपति हैं। स्थापत्यके शास्त्रीय और क्रियात्मक उभय ज्ञान श्री सोमपुराजीके खुनमें हैं। "दीपार्णव" नामक मंदिर स्थापत्यके स्पर्शित महाग्रंथ उन्होने गुजरातके चरणमें अर्पीत कीया है। यह प्रकारके ग्रंथ गुजराती भाषामें प्रथम होनेसे श्री सोमपुराजीकी यह सिद्धि विरल है।

"क्षीरार्णव" के लेखन—संपादन और प्रकाशन द्वारा भाई श्री सोमपुराजी अपने भारतीय स्थापत्य साहित्यका एक अमुल्य ग्रंथ देश समक्ष प्रस्तुत करते है। यह ग्रंथ मूल स्वरुपमें वहुत विशाल होगा। परन्तु उनके सिर्फ बावीश प्रकरणो वर्तमानमें उपलब्ध हुये है। उन पर भाइ श्री सोमपुराजी मूलपाठ—सहित, हीन्दी—गुजरातीमें "सुप्रभा" नामक विवरणके साथ प्रकाशित कर रहा है। प्रचलित अभिप्रायानुसार यह ग्रंथके प्रणेता श्री विश्वकर्मा था। कालक्रमें यह ग्रंथका कितते खंडो नष्ट हुआ है। परन्तु ज्यों बावीश प्रकरणो भाई श्री सोमपुराजी सविवरण प्रस्तुत करते हैं। इस परसे मालुम पडता है। कीं मूल ग्रंथ भव्य महाप्रासादो के निर्माणमें स्थापत्यके विविध दृष्टिकोणसे शास्त्रीय शैली प्रस्तुत करते है।

यह अद्भूत ग्रंथमें मूल श्लोकका हीन्दी—गुजराती विवरण है। और वास्तुशास्त्रके विशाल साहित्यमेंसे उल्लेखनीय अवतरण देवो अनेक सुंदर आकृतियो और आलेखनो सहित भाइ श्री सोमपुराजी प्रतिपादत विषयको एसे विशदतासे पेश कीया है। की सामान्य वाचकगण भी सरलतासे समज सके।

"दीपार्णव" और "क्षीरार्णव" जेसे ग्रंथ भारतीय स्थापत्यके गौरव सम है। वास्तुशास्त्रके यह परंपरागत ज्ञानके विशाल वर्गके लिये ज्यों रीतसे विद्वान् श्री सोमपुराजीये सुलभ कर दिया है। इस लिये धन्यवाद—

भारतीय विद्याभवन
वंबई—७ ता. २३—५-६७

कनैयालाल मा० मुनशी

विद्या कला और सरस्वती त्रिवेणीका उपासक और लक्ष्मी तथा सरस्वतीका जहाँ सदावास है ऐसे उद्योगपति श्रीमान् श्री श्रीगोपालजी नेवटियाजीका

पुरोवाचन

'क्षीरार्णव' के प्रकाशनके संबंधमें श्रद्धेय श्री प्रभाशंकरजीने मुझे भी कुछ लिखकर भेजनेके लिये अनुरोध किया है। मैं इस विषयका कोई ज्ञाता नहीं। मैं तो इतना ही जानता हूँ कि श्री प्रभाशंकरजी प्राचीन भारतीय स्थापत्यके बेजोड़ विद्वान है। प्राचीन ग्रंथोंके अध्ययनके द्वारा ही नहीं, किन्तु भारतके प्रायः सभी प्राचीन मंदिरों और प्रासादोंको देखकर तथा अनेक निर्माण–कार्य–संपादन कर आपने जो ज्ञान प्राप्त किया है, यह अद्वितीय है।

बंबईके निकट कल्याणमें अभी पिछले वर्ष एक नया मंदिर निर्माण हुआ है, और इस कार्यका संपादन श्री प्रभाशंकरजीके द्वारा हुआ। इस विषयमें मेरा श्री प्रभाशंकरजी से निरंतर सम्पर्क रहा और इस बुद्धिमता–विवेकशिलता, सर्वाधिक निस्पृहता और निर्लोभताके साथ वह कार्य आपने संपादन किया उससे हम सब बहुत ही प्रभावित हुवे है।

श्री प्रभाशंकरजीने प्राचीन स्थापत्य संबंधी अनेक ग्रंथोंका प्रकाशन किया है, और उसी श्रेणीका "क्षीरार्णव" भी एक है। इस ज्ञानको छपी हुई पुस्तकके रुपमें प्रस्तुत करनेका प्रशंसनीय कार्य श्री प्रभाशंकरजीने किया है। आजके प्रगतिशील जगतमें यह ज्ञान बहुत पीछे रह जाता है, फिर भी जब कभी इस ज्ञानके आधार पर निर्माण–कार्य सम्पन्न होता है, तो उसके सजीव रुपमें इस प्राचीन स्थापत्यका महत्व प्रदर्शित होता है।

कतिपय वर्ष पहले मैं सोमनाथ मंदिरके दर्शनके लिये गया था और तभी से मेरा श्री सोमपुराजी से सम्पर्क बढता गया। सोमनाथ मंदिरके नव–निर्माण से लेकर आधुनिक जमानेमें बहुतसे मंदिरोंके निर्माण इत्यादिका कार्य प्राचीन पद्धतिके अनुसार श्री सोमपुराजीने सम्पन्न किया है। ऐसा मालुम होता है कि इस प्राचीन कालका कोई एक पुरुष जीन्दा रह गया है। और अगले जमानेकी सेवा कर रहा है। उनके द्वारा प्रस्तुत स्थापत्य भले ही प्राचीन कहा जाय लेकिन आज वह कितना अपूर्व है। कितना बहुमूल्य है, वह देखनेवाले ही जान सकते है। मुझे इसका अनुभव हुआ है, इसलिये मुझे ऐसा लिखनेका अधिकार है।

मैं श्री सोमपुराजीके दीर्घायुकी कामना करता हूँ। और भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि उनके हाथोंसे और भी निर्माण–कार्य सम्पन्न हो, उन्हे कीर्ति मिले और वे अजर अमर हो।

रत्नाकर-बंबई ता. ३०-७-६७ —श्री गोपाल नेवटिया

श्री विश्वकर्मा प्रणित क्षीरार्णव वास्तुशास्त्र ग्रंथकी विषयानुक्रमणिका

युक्त करना एसा चातुर्मुख चार भूमि उदयका करना आगे नाली मंडप दो तीन भूमि उदयका वेदिका साथ करना–सर्व अग्रे पगथीकी पंक्ति करना २९२

चातुर्मुख प्रासादको एकसे नव जंघा करना चारो ओर मिश्रमेघ ओर सिंहनाद मंडपो करना २९३

आठसे पंदरा हाथके प्रासादके भ्रममें दो भूमि योजना करनी एक भूमिसे बारह भूमि तक जंघा करना २९४

भीट्ट १४ भाग पीठ ४७ भागका उर्ध्वे प्रथम भूमि मंडोवर भरणी तक ४५॥

२४ दुसरी भूमि छज्जा २९	... ...	२९
१९ तीसरी भूमि भरणी तक २४	... ...	२४
१८ चोथी भूमि छज्जा तक २६	... ...	२६
		१२४॥

जंघामें लोकपाल दीगपाल देवाङ्गनाओका स्वरुप लास्य तांडवादि नृत्य ताल सह वादित्र साथ करते हैं देवो आयुध वाहन साथ नृत्य करते हैं जैसेके उत्सव हो रहा हो, छ और आठ हाथ-वाला देव स्वरुपो इंद्र रंभाके साथ अग्नीदेव उर्वसी साथ यम तिलोचना साथ क्षेत्रपाल शची, वरुण, रंभा, वायुदेव मंजुघोषा, ईश मेनका साथ करना। प्रासादके इशान कोणसे मेनकादि देवाङ्गनाका स्वरुप करना २९७ से ३००

१. मेनका २. लीलावती ३. विधिचिंता ४. सुंदरी ५. शुभांगीनी ६. हंसाउली ७. सर्वकला ८. कर्पूरमंजरी ९. पद्मिनी १०. गूढ शब्दा (पद्मनेत्री) ११. चित्रिणी १२. चित्रवल्लभा पुत्रवल्लभा १३. गौरी १४. गांधारी १५. देवशाखा १६. मरिचिका १७. चंद्रावली १८ चंद्ररेखा १९. सुगंधा २०. शत्रुमर्दिनी २१. मानवी २२. मानहेसा २३. स्वभावा २४. भावमुद्रिका २५. मृगाक्षी २६. उर्वशी २७. रंम्भा (उत्तान) २८. मुजघोषा २९. जया ३०. विजया (मोहिनी) ३१. चंद्रवक्रा (तिलोत्तमा) ३२. कामरुप (श्लोक ११३ से १३४) ३०१ से ३१२

यह बत्तीस देवाङ्गनाओंके नाम स्वरुप लक्षण, उनकी द्रष्टि निम्न रखके नृत्य करती करना। कई देवाङ्गनाका स्वरुप एकसे अधिक कोन कोनका करना। ३०३ देवाङ्गना दीगपाल यक्ष गंधर्व सूर्यादि नवग्रहो चतुर्मुख प्रासादमें जंघामें वितानमें (गुंम्बजमें) वेदिकामें करना ३१३

देवाङ्गनाओंका स्थान स्वर्ग है। दुसरी द्योतवनमें, तीसरा मही-तलके चातुर्मुख प्रासादमें स्थूल देहे वसेली है श्लोक १२३ पत्र ३०८

दो छज्जा और चार जंघाका मंडोवर ३१६

कवली मान प्रमाण १ चित्रा २ विचित्रा ३ अभया ४ रुपचित्रा ३१६

सांधार निरंधार प्रासादके भितिमान ३१७

इति सविस्तर अनुक्रमणिका

देव स्तुति और ग्रंथ संपादक परिचय

गणाधिपं नमस्कृत्यं देवीं सरस्वतीं तथा
ब्रह्मा विष्णु महेशादि सूर्य दिनकरं सदा ॥१॥
शिल्पशास्त्र प्रकत्तरा विश्वकर्मा महामुनिम् ।
मनसा वचसा नत्वा ग्रन्थारम्भं करोमहम् ॥२॥

गणोंके अधिपति श्री गणेश, सरस्वती ब्रह्मा, विष्णु महेश और सूर्यको नमस्कार करके शिल्पशास्त्रोको उत्कृष्ठ करनेवाले महामुनि श्री विश्वकर्माको मन वचनसे वंदन करके में प्रभाशङ्कर इस ग्रंथ पर सुप्रभा नाम्नी भाषा टीकाको प्रारम्भ करता हुँ।

वंशेस्मिन् रामजी शिल्पि ख्यातोऽय वास्तुकर्मणि ।
तसूमिन्नैवान्वये जातः प्रभाशङ्कर पञ्चमः ॥३॥
जगत् विख्यात विश्वकर्मा नारद संवाद रुप ।
क्षीरार्णव ग्रंथ नामाऽयं प्राणकृत शिवः ॥
सुप्रभा नाम्नी टीकायां ग्रंथेऽस्मिन हि करोति सः ॥४॥

भारद्वाज गोत्रमें श्री रामजीभा जैसे वास्तुकर्ममें विख्यात स्थपति पूर्वकालमें हो गये इसी कुलमें श्री ओघडभाइके कनिष्ठ पुत्र प्रभाशङ्कर स्थपति पांचवी पीढीमें हुए। जगत विख्यात विश्वकर्मा और नारदजीका संवाद रुप क्षीरार्णव नामक शिल्पशास्त्र पर सुप्रभा नाम्नी भाषा टीका ऐसे विख्यात कुलके स्थपति श्री प्रभाशङ्करने लिखी है ।

॥ ग्रन्थ संपादकको अभिनन्दन पत्रिका ॥

आदि देव महादेव कृपापात्रो महातनुः ।
ओघडजी महाप्राज्ञ शिल्पशास्त्र विशारदः ॥५॥
कैलासस्य महामेरो जीर्णोद्धार कारकः ।
प्रभाशङ्कर नामायं मान्य केषां न कारक? ॥६॥
सत्यं सत्यं पुनः सत्य सत्यधर्म प्रवर्तकः ।
वृक्षार्णव शिव प्रोक्ते क्षीरार्णव यतनो हरिः ॥७॥
ग्रन्थानां शिल्पशास्त्रस्य पुनरुद्धार कारकः ।
आदि देव नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं विशारद ॥८॥

आदिदेव श्री महेशको कृपापात्र महाप्राज्ञ ऐसे श्री ओघडभाइके सूत महाप्राज्ञ शिल्पशास्त्र विशारद श्री प्रभाशंकरभाई सोमनाथजी महामेरु कैलासके जीर्णोद्धारकारक हैं। श्री प्रभाशङ्करजी संसारमें कीसके मान्य नहीं है । अपि तु सबके है । यह सत्य है और बारबार सत्य है कि शिवजी द्वारा रचित वृक्षार्णव और हरि रचित "क्षीरार्णव" सत्यधर्मके प्रवर्तक है। श्री प्रभाशंकरभाई शिल्पशास्त्रके ग्रन्थोके पुनरोद्धारक है। हे! आदि देव! आपको नमस्कार हो और हे! शिल्प विशारद! आपको भी नमस्कार है।

शुभेच्छक स्नेहाधिन **मनसुखलालजी सोमपुरा ।**

सुप्रसिद्ध भगवान सोमनाण मंदिर पर स्व. जामसाहेब भूतपूर्व गवर्नर श्री के. एम. मुनशीजी बंबइके भूतपूर्व गवर्नर श्री प्रकाशजी सोमनाथ मंदिर के निर्माता स्थपति प्रभाशंकरजी और मंदिर के शिल्पकलाकार भगवानजी भ. सोमपुरा

श्री कृष्णचंद्र प्रभुका देहोत्सर्ग स्थान पर–संपादक स्थपति प्रभाशंकर भूतपूर्व राष्ट्रपति डो. राजेन्द्रप्रसाद की और स्व. श्री जामसाहेब प्रभासपाटण

श्री गणेशाय नमः　　श्री सरस्वत्यै नमः　　श्री विश्वकर्मणे नमः

श्री विश्वकर्मा विरचित

॥ क्षीरार्णव ॥

वास्तुशास्त्रम्

KSHIRARNAVA

—सुप्रभानाम्नी भाषाटीका—

(अध्याय० ९९) (क्रमांक अ० १)

श्री विश्वकर्मोवाच—

वृक्षार्णवं शिव प्रोक्तं क्षीरार्णवं स्ततो हरिः
हरिहरोक्तं तं श्रेष्ठं ग्रंथाकारे प्रवर्तते ॥ १ ॥

શ્રી વિશ્વકર્મા કહે છે. શિવજીએ વૃક્ષાર્ણવ કહેલું. અને વિષ્ણુએ ક્ષીરાર્ણવ કહેલું તે શિવ અને વિષ્ણુના મુખથી વદેલું તે ઉત્તમ ગ્રંથના આકારે જગતમાં પ્રવર્ત્યું. ૧.

श्रीं विश्वकर्मा कहते हैं । शिवजीने वृक्षाणवि कहा था और विष्णुने क्षीरार्णव कहा था । शिव और विष्णुके मुखसे निकला हुआ वह शास्त्र ग्रंथ के रूपमें जगतमें प्रचलिन हुआ ।

प्रासादो देवरूपः स्यात् पादौ पाद शिलास्तथा
गर्भश्चैवोदरं ज्ञेयं जंघा पादोर्ध्व मुच्यते ॥ २ ॥

स्तंभाश्च जानवो ज्ञेया घंटा जिह्वा प्रकीर्तिता
दीपः प्राण रूपो ज्ञेया ह्यपाने जल निर्गतः ॥ ३ ॥

ब्रह्म स्थानं यदैतच्च तन्नाभिः परिकीर्तिता
हृदयं पीठिका ज्ञेया प्रतिमा पुरुषः स्मृतः ॥ ४ ॥

પ્રાસાદની રચનાને દેવ શરીર રૂપ કલ્પ્યું છે. પાયાની શિલા પગ રૂપે, ગર્ભગૃહ = ઉદર = પેટ રૂપે, પાયા પરની જગતી જાંઘ રૂપે, થાંભલા ઢીંચણ, ઘંટા જીભ રૂપે, દીપક–દીવો પ્રાણ રૂપે, ગુદા રૂપે પ્રનાલ = પરનાળ, દેવનું બ્રહ્મસ્થાન નાભિ, પીઠિકા રૂપે હૃદય, અને પ્રતિમા એ પુરુષ રૂપે જાણવું. ૨–૩–૪.

प्रासादकी रचना को देव शरीररूप माना गया है । नींवकी शिलाको पाँव के रूपमें, गर्भगृहको उदर के रूपमें, नींवकी भूमिको जंघाके रूपमें, स्तंभ को

जानुके रूपमें, घंटाको जिह्वाके रूपमें, दीपकको प्राणके रूपमें, प्रनाल को गुदाके रूपमें, देवके ब्रह्मस्थाको नाभि पीठिकाको हृदयके रूपमें और प्रतिमाको पुरुषके रूपमें जानना। २-३-४

पादचारस्त्वहंकारो ज्योतिस्तच्चक्षुरुच्यते
तदूर्ध्वं प्रकृतिस्तस्य प्रतिमात्मा स्मृतौ बुधैः ॥५॥
तलकुंभादधोद्वारं तस्य प्रजननं स्मृतम्
शुकनासा भवेन्नासा गवाक्षः कर्णउच्यते ॥६॥
कायापाली स्मृतः स्कंधे ग्रीवा चामलसारिका
कलशस्तु शिरोज्ञेयो मज्जादित्पर संयुतं ॥७॥

પગનો સંચાર અહંકાર, દીપનો પ્રકાશ ચક્ષુ રૂપે, ઉપરનો ભાગ તેની પ્રકૃતિ, પ્રતિમા આત્મા રૂપે બુદ્ધિમાને જાણવાં. દ્વારના કુંભીના તળથી નીચેનો ભાગ તે લિંગરૂપે જાણવો. શિખરનો શુકનાંસ એ નાસિકારૂપ, ગવાક્ષ ઝરુખા કાનરૂપ, શિખરનો સ્કંધ તે ખભો અને આમલસારાનું ગળુ તે ગળુ કંઠ રૂપ, આમલસારાને કળશ તે મસ્તક રૂપે જાણવું. ચામડી અને તેની નીચેનો ભાગ તે ચુનાનું પ્લાસ્ટર જાણવો.

पद संचारको अहंकारके रूपमें, दीपकके प्रकाशको चक्षुके रूपमें उर्ध्वभागको उसकी प्रकृतिके रूपमें, प्रतिमाको आत्माके रूपमें बुद्धिमानोंको समझना चाहिये। द्वारके कुंभीके तलसे निम्न भागको लिङ्गके रूपमें जानना। शिखरके शुकनासको नासिकारूप, झरोंखों को कानरूप, शिखर के स्कंधको खंभा, और आमलसारा के कंठको कंठरूप, आमलसाके कलशको मस्तकरूप जानना। और उसके निम्न भाग को, जो खडीके प्लास्टर का है, चमडी समझनी। ५-६-७

मेदश्च वसुधा विद्यात् प्रलेपो मांसमुच्यते
अस्थिनो च शिलास्तस्य स्नायुकीलादयः स्मृताः ॥८॥
चक्षुषि शिखरा स्तस्य ध्वजाकेश प्रकीर्तिताः
एव पुरुषरूपं तु ध्यायेच्च मनसा सुधीः ॥९॥

પૃથ્વી મેદ રૂપે, માંસ ચુનાનો લેપ, હાડકાંઓ શિલારૂપે, ખીલા અને પાઉ-કુકરા તે સ્નાયુરૂપે ચક્ષુરૂપ શૃંગ-શિખરીઓ, ધ્વજા કેશરૂપે, એ રીતે પ્રાસાદના સર્વ અંગોનું પુરુષરૂપે મનથી ધ્યાન કરવું. ૮-૯

पृथ्वीका भेद के रूपमें, खडीके लेपका माँसके रूपमें, शिलाओंका हड्डीयों

के रूपमें, कीले, पांउ और कुकरों का स्नायुके रूपमें, शृंगका चक्षुके रूपमें, शिखरकी धजाओं का केशके रूपमें--अिस तरह प्रासादके सर्व अंगों का पुरुषरूपसे मनसे ध्यान करना। ८–९

नागरा द्राविडाश्चैव लतिनाश्च विमानकाः
मिश्रकाश्च वराटाश्च सांधारा भूमिजा स्तथा ॥ १० ॥
विमान नागरच्छंदा विमान पुष्पकाथवा
वल्लभा फांसनाकारा सिंहावलोका रथरूहा ॥ ११ ॥

પ્રાસાદની જાતિ છંદ ૧ નાગરાદિ ૨ દ્રાવિડાદિ ૩ લતિનાદિ ૪ વિમાનાદિ ૫ મિશ્રકાદિ ૬ વરાટાદિ ૭ સાંધારાદિ ૮ ભૂમિજાદિ ૯ વિમાન નાગરાદિ ૧૦ વિમાન પુષ્પકાદિ ૧૧ વલ્લભાદિ ૧૨ ફાસનાકારાદિ ૧૩ સિંહાવલોકનાદિ ૧૪ રથારૂહાદિ એમ પ્રાસાદની ચૌદ જાતિઓ જાણવી. ૧૦–૧૧

प्रासादकी च्छंद जाति १ नगरादि २ द्राविडादि ३ लतिनादि ४ विमानादि ५ मिश्रकादि ६ वराटादि ७ सांधारादि ८ भूमिजादि ९ विमान नागरादि १० विमान पुष्पाकादि ११ वल्लभादि १२ फासनाकारादि १३ सिंहावलोकनादि १४ रथारूहादि इसी तरह प्रासाद की चौदह जातियाँ जानने योग्य हैं। १०–११

एते चतुर्दश विख्याताः प्रासादजातयः स्मृताः
मृत्साकाष्टेष्टकाशैल धातु रत्न भवाः सुधीः ॥ १२ ॥
कुर्यात् स्वशक्ति प्रासादश्चातुर्वर्गफलं भवेत्
पांसुनादि सुरागारे क्रीड्या विहितश्रितः ॥ १३ ॥

દેવ મંદિરો માટીના. કાષ્ટ લાકડાનાં, ઈંટના, પાષાણનાં, ધાતુ રત્નાદિ વાસ્તુ દ્રવ્યાદિના, પ્રાસાદો પોતાની શક્તિ અનુસાર કરાવવાથી ચાર વર્ગ (ધર્મ અર્થ કામ અને અંતે મોક્ષ) ના ફળની પ્રાપ્તિ થાય છે. માટી આદિના દેવમંદિરોમાં લક્ષ્મી ક્રીડા કરે છે.[1] ૧૨–૧૩

(૧) ક્ષીરાર્ણવ ગ્રંથની પ્રતો ગુજરાત સૌરાષ્ટ્રમાં ઘણી અશુદ્ધ અને અસ્ત–વ્યસ્ત સ્થિતિની, વિષયક્રમના અભાવવાળી, એક વિષય ફરી ફરી આવે, એક વિષય અધ્યાહાર રાખી બીજો વિષય આવે, તેવી પ્રતો ઘણી જોવામાં આવી છે. તેમાંથી બને તેટલો ક્રમ ગોઠવીને જુની પ્રતોના ક્રમને લક્ષ્યમાં રાખીને આ ગ્રંથ ક્રમબદ્ધ લખવા પ્રયાસ કરેલ છે. સૌરાષ્ટ્ર ગુજરાતની પ્રતોમાં પ્રાસાદને દેવ મનુષ્ય સ્વરૂપની કલ્પના અને ગણિત વિષય અમોને દેખવામાં આવતો નથી. કુર્મશિલાના ૧૦૧ અધ્યાયથી પ્રારંભ થાય છે. ગણિત વિષય અમોને રોયલ એશિયાટીક સોસાયટીની લાયબ્રેરીના ચોપડામાંથી જે પ્રાપ્ત છે તેમાં કેટલુંક અધ્યાહાર અને સંક્ષિપ્તમાં હોવાથી અમોએ તેની પૂર્તિ અનુવાદમાં કરી બને તેટલી અપૂર્ણતા ટાળવા પ્રયત્ન કરેલ છે.

मिट्टीके, ईटके, पाषाणके, धातुके, रत्नादिके—इन वास्तु द्रव्यादिके देवमंदिर अपनी शक्तिके अनुसार बनवानेसे चार वर्ग (धर्म अर्थ काम और अंतमें मोक्ष) के फलकी प्राप्ति होती है। मिट्टी आदिके देवमंदिरोंमें लक्ष्मी क्रीडा करती है।[१] १२–१३

श्री नारदोवाच—

येनेदं सप्त लोकां तं त्र्यैलोक्यं सचराचरम्
तस्मै ईशाय नित्याय नमः श्री विश्वकर्मयो ॥ १ ॥

अव्यक्त व्यक्तता नित्यं येन विश्वंचराचरम्
तस्मै ईशाय नित्याय नमः श्री विश्वकर्मणे ॥ २ ॥

वास्तु कर्म लक्षणेन प्रासाद विधि युक्तितः
गणित ज्योतिषाचारं कथय मम प्रभो ॥ ३ ॥

શ્રી નારદજી કહે છે. જે સપ્તલોકના અંતે ત્ર્યૈલોકમાં સચરાચર છે એની રચના કરવા વાળા એવા શ્રી વિશ્વકર્માને નિત્ય મારા નમસ્કાર હો. અવ્યક્ત જાણી ન શકાય અને વ્યક્ત જાણી શકાય એવા જે વિશ્વને વિષે સચરાચર છે તેની રચના કરવાવાળા નિત્ય ઈશ્વિર શ્રી વિશ્વકર્માને મારા નમસ્કાર હો હે પ્રભુ ! લક્ષણયુક્ત વાસ્તુકર્મ કે જે પ્રાસાદની વિધિ ગણિત અને જ્યોતિષના આચાર હે પ્રભુ ! મને કહો. ૧–૨–૩

श्री नारदजी कहते हैं—जो सप्तलोकके अंतमें त्र्यैलोकमें सचराचर है उसकी रचना करनेवाले श्री विश्वकर्माको नित्य मेरा नमस्कार हो। अव्यक्त और

તે વાંચકવૃંદ દરગુજર કરે. આનંદની વાત એ છે કે પૂરા એકવીશ અંગો આ ગ્રંથમાં આપેલા છે. મહર્ષિ નારદમુનિ અને વિશ્વકર્માના સંવાદ રૂપ આ ગ્રંથ છે.

(१) गुजरात, सौराष्ट्रमें क्षीरार्णव ग्रंथकी हस्त प्रतें बहुत अशुद्ध, अस्त व्यस्त, विषय के अनुक्रमके अभाववालीं, विषयके पुनरावर्तनवालीं, एक विषयको छोडकर दूसरे विषय की चर्चावालीं, देखनेमें आयी हैं। उनमेंसे जितना होसके उतना क्रम मिलाकर पुरानी प्रतोंके क्रमको लक्ष्यमें लेकर यह ग्रंथ क्रमबद्ध लिखनेका प्रयास किया है। सौराष्ट्र गुजरातकी प्रतोंमें प्रासाद के देव मनुष्य स्वरूपकी कल्पना और गणित विषय बहुत करके देखनेको मिलता नहीं है। कुर्मशिला के १०१ अध्यायसे प्रारंभ होता है। गणित विषय हमें रोयल एशियाटीक सौसायटीकी लाईब्रेरी की पुस्तकोंमें से जो यत्किंचित् प्राप्त हुआ, उसमें खुछ अध्याहार और संक्षिप्तमें होनेसे हमने उसकी पूर्ति अनुवादमें करके जितनी हो सके उतनी अपूर्णता दूर करनेका प्रयत्न किया है, सो वाचकवृंद हमें क्षमा करें। यह आनंदकी बात है कि पूरे इक्किस अंग इस ग्रंथमें समाविष्ट हैं। महर्षि नारद मुनि और विश्वकर्माके संवादके रूपमें यह ग्रंथ प्रस्तुत है।

व्यक्त ऐसे विश्वमें जो सचराचर है उसकी रचना करनेवाले नित्य ईश्वर श्री विश्वकर्माको मेरा नमस्कार हो।

हे प्रभु, लक्षणयुक्त वास्तुकर्म, प्रासादकी विधि, गणित और ज्योतिषके आचारको मुझे बताओ। १–२–३.

श्री विश्वकर्माउवाच—

(१) आय— शृणुवत्स महाप्राज्ञ यत्त्वं परिपृच्छसि
इदानीं तं कथयिष्यामि गणित वास्तु कर्मके ॥ ४ ॥
आयत्वं च पृथुत्वेन गुणयेदायकर्माणि
अष्टभिर्हरेत्भागं यत्शेषं आयादिशेत् ॥ ५ ॥

શ્રી વિશ્વકર્મા કહે છે. હે મહાગુણવાન વત્સ ! તમે જ્યારે પૂછો છો ત્યારે હું તમને હમણાં વાસ્તુકર્મનું ગણિત કહું છું. ક્ષેત્રના લંબાઈ અને પહોળાઈના અંકોને ગુણીને આઠે ભાગતાં જે શેષ રહે તે તેટલામો આય જાણવો. ૪–૫

श्री विश्वकर्मा कहते हैं—हे महागुणवान वत्स ! जब आप पूछते हो तो मैं अभी तुम्हें वास्तु कर्मका गणित कहता हूँ। क्षेत्रकी लंबाई और चौडाईके अंकोंको गुनकर आठसे विभाजित कर जो शेष रहे उतनी संख्याका आय समझना। ४–५

आयानां विषमेशुभे ध्वजः सिंहो वृषोगजः
अधमानो खरध्वांक्षः धूमः श्वानः सुखावह ॥ ६ ॥

તે આઠ આયોમાં જે વિષમ અંક વધે તે ૧ ધ્વજ ૩ સિંહ ૫ વૃષ ૭ ગજ એમ ચાર આય તે શુભ જાણવા અને બેકીસમ આયોમાં ૨ધૂમ ૪ શ્વાન ૬ ખર ૮ ધ્વાંક્ષ એ અધમ છે પણ તેના સ્થાને સુખને દેનાર જાણવા.[२] ૬

उन आठ आयोंमें जो विषम अंक शेष रहे तो १ ध्वज ३ सिंह ५ वृष ७ गज इन चार आयोंको शुभ समझना और सम आयोंमें २ धूम ४ श्वान ६ खर ८ ध्वांक्ष अधम हैं लेकिन वे अपने स्थान पर सुखकर समझना।[२] ६

---

(૨) સ્થાનના આયનું સર્વ શિલ્પગ્રંથોમાં કહ્યું છે. પરંતુ દીપાર્ણવ જેવા ગ્રંથમાં મનુષ્યનો આય કાઢવાનું કહીને ઘરનો આય અને ઘરધણીના આયના પરસ્પર ભક્ષક ભાવ તજવાનું કહ્યું છે.

(२) स्थानके आयका सर्व शिल्पग्रंथोंमें उल्लेख है। लेकिन दीपार्णव जैसे ग्रंथमें मनुष्यका आय निकालनेके लिये कहकर घरका आय और घरके मालिकके आयके परस्पर भक्षक भावको तजनेके लिये कहा गया है।

(२) नक्षत्र— आयामे यदि क्षेत्रंतु विस्तरं गुणयेदथ
सप्त विंशत्याहरेत्भागं शेषं स्यात् फलं निश्चयः ॥ ७ ॥

फलेचाष्ट गुणे तस्मिन् सप्ताविंशति भाजिते
यत्छेत्रं लभते तत्र नक्षत्रं तद्गृहेषुच ॥ ८ ॥

अष्ट आयका स्वरूप

ક્ષેત્રની લંબાઈ અને પહોળાને ગુણીને સત્તાવીશે ભાગતા જે શેષ રહે તે નિશ્ચયથી ફળ જાણવું (તે નક્ષત્રની મૂળ રાશ) તે ફળને આઠ ગુણા કરી સત્તાવીશે ભાગવાથી જે શેષ રહે તે વાસ્તુના નક્ષત્રનો અંક જાણવો.

क्षेत्रकी लम्बाई चौडाईको गुनकर सत्ताईशसे विभाजित करते जो शेष रहे उसे निश्चयसे फल जानना (उस नक्षत्रकी मूल राश) उस फलको आठ गुने कर सत्ताईशसे विभाजित करनेसे जो शेष रहे उसे वास्तुके नक्षत्रका आंक समझना। ७–८.

समचोरस ओर छ आंगुळ सुधीका कमीजास्तीका देवगण नक्षत्रो ओर शुभ आय मीलानेका कोष्टक अंक गज ओर आंगुळका है।

लंबाई चौडाई	देवगणा नक्षत्रो	लंबाई चौडाई	देवगणा नक्षत्रो	लंबाई चौडाई	देवगणा नक्षत्रो
१–१ × ०–२१	स्वाति	● १–१३×१–१३	अनुराधा	● २–१५×२–१५	रेवती
● १–१ × १–१	मृगशीर्ष	१–१५×१–२१	रेवती	२–१५×२–२१	रेवती
१–१ × १–५	श्रवण	१–१९×२–१	पुष्य	२–१७×२–११	पुष्य
१–१ × १–७	अनुराधा	१–१९×१–२३	श्रवण	२–१९×३–१	मृगशीर्ष
——		● १–२१×१–२१	रेवती	२–१९×२–२३	हस्त
		१–२१×२–३	रेवती	२–२१×२–२३	स्वाति
● १-३ { १–१, १–३, १–५, १–७, १–९ }	रेवती	२–१×२–५	हस्त	——	
——		——		● २–२३×२–२३	अनुराधा
		● २–५×२–५	पुष्य	३–१×३–५	हस्त
● १–५ × १–५	मृगशीर्ष	● २–७×२–७	पुष्य	३–१×३–९	रेवती
१–५ × १–९	स्वाति	२–७×२–११	हस्त	३–३×३–७	स्वाती
१–७ × १–११	हस्त	२–१३×२–१७	श्रवण	३–३×३–९	रेवती
१–११×१–१७	मृगशीर्ष	२–१५×२–९	रेवती	३–५×३–९	रेवती
१–१३×१–१५	स्वाति	——			
१–१३×१–१७	हस्त				
——					

उपर प्रमाणे देवगणा नक्षत्रो और शुभ आय मीलानेके लीये बडा क्षेत्र-गणीत
